Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 152 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, बुधवार 04 दिसम्बर 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



धर्म की बात करना और धर्म से बात करना इन दोनों में बहुत अंतर है।

There is a vast difference between the two i.e. to talk of religion and to talk religiously.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### अब कक्षा 5वीं और 8वीं में भी होगी बोर्ड परीक्षा, आदेश जारी

**रायपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़ में कैबिनेट के फैसले के बाद कक्षा 5वीं और 8वीं की केंद्रीकृत परीक्षा लेने के लिए मंगलवार को स्कूल शिक्षा विभाग ने दिशा निर्देश जारी किया है। इसके तहत राज्य के सभी कलेक्टरों और जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी किया गया है।

### अंबिकापुर एयरपोर्ट का सुधरेगा बुनियादी ढांचा, 27.92 लाख रुपए मंजूर

**रायपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़ सरकार ने एअर कनेक्टिविटी को मजबूत बनाने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए अंबिकापुर एयरपोर्ट के विकास कार्यों के लिए 27.92 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है। यह राशि एयरपोर्ट के बुनियादी ढांचे को उन्नत करने और संचालन क्षमता को बेहतर बनाने में खर्च की जाएगी। इन सुधारों से यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और एयरपोर्ट संचालन अधिक कुशल बनेगा।

### जगदलपुर एयरपोर्ट के लिए 20.40 करोड़ रुपए स्वीकृत, सुरक्षा और सुविधाएं बढ़ेंगी

**रायपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़ सरकार ने एअर कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए एक और कदम उठाते हुए जगदलपुर एयरपोर्ट के सुधार कार्यों के लिए 20.40 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की है। यहां एयरस्ट्रिप को उन्नत बनाया जाएगा, जिससे एयरपोर्ट की सुरक्षा और संचालन क्षमता में वृद्धि होगी।

**रायगढ़ में बनेगा राज्य का सबसे बड़ा नालंदा परिसर, मुख्यमंत्री ने किया भूमिपूजन**

# मोदी जी की गारंटी के अधिकांश वायदों को एक साल के भीतर ही किया पूरा : विष्णुदेव साय




**जनादेश दिवस : प्रदेश की महिलाओं को मिली महतारी वंदन योजना की 10वीं किश्त**

**रायगढ़ जिले को 137.55 करोड़ के विकास कार्यों की दी सौगात**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** हमारी 70 लाख माताओं-बहनों को महतारी वंदन योजना की एक हजार रुपए की स्नेह राशि की दसवीं किश्त हमने आपके खाते में आज अंतरित कर दी है। हमारी माताओं-बहनों का आशीर्वाद ही मुझे काम करने की शक्ति प्रदान करता है। हमारी माताओं-बहनों की आंखों में दिख रही स्वाभिमान की चमक हमारा सबसे बड़ा संतोष है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज रायगढ़ जिले में लगभग 137 करोड़ रुपए के विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय के आग्रह पर सरस्वती यादव ने बटन दबाकर प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना की 10वीं किश्त के रूप में 652 करोड़ रूपए की राशि अंतरित की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने उद्बोधन में सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के ग्राम दानसरा का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां की माताओं और बहनों ने सोचा कि अयोध्या धाम में भव्य श्रीरामलला का मंदिर बना है। हम भी गांव के हनुमान मंदिर के बगल में रामलला का मंदिर बनाएं। इन महिलाओं ने महतारी वंदन योजना से मिली राशि से चंदा कर मंदिर निर्माण शुरू कर दिया। माताओं-बहनों के सपने देखने और इनके पूरे होने की कितनी ही कहानियां हैं। मैं अक्सर माताओं-बहनों से इस बारे में पूछता हूँ और हर बार उनकी बातें मेरे दिल को छू जाती हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमने 42 करोड़ 56 लाख रुपए की राशि से बनने वाले नालंदा परिसर का भी भूमिपूजन किया है, जिससे पीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा दे रहे युवाओं को इससे काफी लाभ मिलेगा। हम प्रदेश के 13 नगरीय निकायों में राजधानी रायपुर के नालंदा की तरह लाइब्रेरी आरंभ कर रहे हैं। यहां हजारों किताबों का संग्रह होगा। वाईफाई की सुविधा होगी। सभी तरह की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को यहां स्टडी मटेरियल मिल सकेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य रखा है। हमने भी वर्ष 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ बनाने विजन डाक्यूमेंट बनाया है। विजन डाक्यूमेंट में प्रदेश के तेजी से औद्योगीकरण पर सबसे ज्यादा जोर है। उद्योग धंधों के तेजी से विकास के लिए हमने नई उद्योग नीति बनाई है। इसके चलते छत्तीसगढ़ में उद्यमियों को नये उद्यम आरंभ करने में बहुत सहूलियत होगी। औद्योगिक वातावरण को बेहतर करने के लिए कनेक्टिविटी सबसे पहली शर्त होती हैं। अगले दो साल में हमारे प्रदेश का रोड नेटवर्क किसी भी विकसित देश की बराबरी का होगा। सरगुजा और बस्तर को एयर कनेक्टिविटी मिल गई है। रेलवे में जिस तरह से अधोसंरचना का कार्य एक दशक में किया गया है उससे भविष्य में यात्रियों को तो सुविधा मिलेगी ही, मालभाड़े का आवागमन भी बेहद आसान हो जाएगा जो बिजनेस बढ़ाने के लिए सबसे ज्यादा आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी धान खरीदी का समय है। हमारी सरकार ने किसानों की खुशहाली का भी पूरा ध्यान रखा है। हम लोग 3100 रुपए प्रति क्विंटल तथा 21 एकड़ प्रति क्विंटल धान खरीद रहे हैं। पिछली बार हमने 145 लाख मीट्रिक टन रिकार्ड धान खरीदा था। इस बार 160 लाख मीट्रिक टन धान का लक्ष्य है। हमारी सरकार के एक साल पूरे होने जा रहे हैं। शपथ लेने के अगले दिन ही हमने 18 लाख आवासों को स्वीकृत किया था और तब से मोदी जी की गारंटी को पूरा करने का सिलसिला अनवरत चलता आया और अब हमने मोदी जी की गारंटी के अधिकांश वायदों को एक साल के भीतर ही पूरा कर दिया है। आज हमने प्रधानमंत्री आवास योजना के ऐसे हितग्राहियों को सम्मानित किया है, जिन्होंने अपने आवास का काम पूरा कर लिया है।

# गुलामी की मानसिकता ने भारत की विकास यात्रा को बहुत प्रभावित किया : पीएम मोदी



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को चंडीगढ़ पहुंचकर तीन नए कानूनों को लेकर आयोजित किए गए कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान पीएम मोदी ने तीन नए कानूनों की उपयोगिता के बारे में विस्तारपूर्वक अपनी बात रखी। प्रधानमंत्री मोदी ने चंडीगढ़ आने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ आने पर मुझे लगता है कि मैं अपने लोगों के बीच में आ चुका हूं। मैं तीनों कानून के लागू होने पर देश को बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा के 1857 की क्रांति के 3 साल बाद 1860 में अंग्रेज भारतीय दंड संहिता लेकर आए। इसके बाद इंडियन एविडेंस एक्ट आया, फिर सीआरपीसी का मसौदा अस्तित्व में आया। यह सब भारतीयों को दंडित करने के लिए लाए गए थे।

पीएम मोदी ने कहा कि समय-समय पर इनमें संशोधन हुए। लेकिन, उनका असली चरित्र वही बना रहा। आजाद देश में गुलामी के लिए बने कानून को क्यों ढोया जाए। यह सवाल न हमने खुद से पूछा, न शासन करने वाले लोगों ने इस पर विचार करने की जरूरत समझी। गुलामी की मानसिकता ने भारत की विकास यात्रा को बहुत ज्यादा प्रभावित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि चंडीगढ़ में वाहन चोरी होने पर महज 11 महीने में सजा मिल गई। क्षेत्र में अशांति फैलाने पर महज 20 दिन के अंदर आरोपी को सजा दे दी गई। प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली में भी एक केस में एफआईआर से लेकर फैसला आने तक सिर्फ 60 दिन का समय लगा। आरोपी को 20 साल की सजा सुनाई गई। बिहार के छपरा में भी एक मर्डर केस में एफआईआर से लेकर फैसला आने तक सिर्फ 14 दिन लगे और आरोपियों को उम्र कैद की सजा सुनाई गई। यह फैसले दिखाते हैं, न्याय संहिता की ताकत और उनका प्रभाव क्या है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में आगे कहा कि सरकार जब देश प्रदेश की जनता के लिए ईमानदारी से काम करती है, तो इस तरह के परिणाम देखने को मिलते हैं, जिसका हम सभी को स्वागत करना चाहिए।

## मुख्यमंत्री साय के जनादेश पर भाजपा कार्यालय में हुई आतिशबाजी



**रायपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़ में भाजपा की ऐतिहासिक और शानदार जीत के एक साल पूरे होने पर ठाकरे परिसर में मंगलवार शाम जनादेश दिवस का आतिशी आयोजन रखा गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव की उपस्थिति में पार्टी पदाधिकारियों, नेताओं व कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य करते हुए पार्टी की जीत की सालगिरह मनाई और अपने उत्साह व उल्लास को व्यक्त किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर को संबोधित करते हुए कहा कि 3 दिसंबर 23 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ,राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व सभी केंद्रीय नेताओं के मार्गदर्शन में जनता ने मोदी जी की गारंटी पर मुहर लगाई।




## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम बिटकुली में सप्तदिवसीय विशेष शिविर आयोजित



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाज़ार के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम बिटकुली में संचालित सप्तदिवसीय विशेष शिविर में प्रतिदिन स्वच्छता अभियान, मेरा युवा भारत थीम पर आधारित कार्यक्रम, बौद्धिक परिचर्चा, प्रभात फेरी, गीत, नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों में जन जागरूकता फैलाया जा रहा है। प्राचार्य डॉ ए आर सी जेम्स के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र देव मिर्झा के मार्गदर्शन में शिविर का सफल संचालन हो रहा है। बौद्धिक परिचर्चा में विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित कर ज्ञानवर्धक बातों से ज्ञान में वृद्धि कर रहे हैं। इसी श्रृंखला में महाविद्यालय के विधि विभाग द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि डॉ ए के उपाध्याय वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ नबी खान विभागाध्यक्ष विधि डॉ अजय ओधेलिया विभागाध्यक्ष भिगोल श्रीमती अनुराधा टंडन एवं विधि विभाग के छात्र अधिक संख्या में उपस्थित थे। छात्र छात्रों में सरस्वती साहू सरिता बंजारे सती निषाद बिंदु बंजारे पूर्णिमा डहरिया नेहा साहू प्राची देवांगन नोगेश्वरी साहू पिकेश ध्रुव नागेश घृतलहरे सोहन साहू लोकेश यादव ने सक्रिय भूमिका निभाए। वरिष्ट छात्रों में करन सेन सावन साहू वीरेंद्र कन्नौजे हेमंत नवरंगे संगीता मनहरे जैनेन्द्र नायक गिरिराज साहू के द्वारा शिविर में शामिल होकर सफल बनाया गया।

### यूथ रेडक्रॉस के तत्वाधान में विश्व एड्स डे कार्यक्रम का आयेजन




**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में यूथ रेडक्रॉस के तत्वाधान में विश्व एड्स डे कार्यक्रम का आयेजन प्राचार्य महोदय के मार्गदशन में किया गया। इस वर्ष का थीम है सही रास्ता अपनाएं- मेरा स्वास्थय मेरा अधिकार। इस कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार उपाध्याय द्वारा एड्स के कारण बचाव एवं रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़चढकर् भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुशीला गिलहरे सहायक प्राध्यापक एवं रेडक्रॉस प्रभारी द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन डॉ. रीता यादव सहा. प्राध्यापक द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में एफ मिंज, श्रीमती तारा पटेल आदि उपस्थित रहें। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम निक्की विश्वकर्मा द्वितीय तनिशा पटेल तृतीय स्थान जिज्ञासा नामदेव रहीं।

### शशिप्रभा टेंभुरकर का निधन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आम्रपाली सोसाइटी जैन कालोनी रायपुर निवासी शशिप्रभा टेंभुरकर 72 वर्ष का 3 दिसंबर को सुबह 11 बजे आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 दिसंबर को सुबह 11 बजे टिकरापारा स्थित मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा । वे राकेश,प्रमेश और योगेश टेंभुरकर की माता और अदिति और चेया की दादी थी। संपर्क- 8602326573.

### गीला और सूखा कचरा एक में देने वालों से 600 रुपए अर्थ दंड वसूला गया

**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत सफाई अभियान चल रहा है। डोर-टू-डोर जाकर सफाई मित्र द्वारा घर से निकलने वाले कचरे को एकत्रित किया जा रहा है। घर-घर जाकर समझाने के बाद भी बहुत से ऐसे परिवार के लोग हैं जो गीला कचरा सूखा कचरा एक में मिलाकर दे रहे हैं। ऐसे हितग्राहियों के लिए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निर्देश दिया कि आदत डालने के लिए ऐसे परिवार के सदस्य जो गीला कचरा सूखा कचरा कचरा एक में मिलाकर देते हैं। उन सभी से अर्थ दंड वसूला जाए, थोड़ा-थोड़ा करके। ऐसे 30 लोगों से नगर निगम भिलाई के कर्मचारियों द्वारा ?600 चालानी कार्रवाई की गई। परिवार के सदस्यों को समझाईस दी गई कि दोबारा अगर इस प्रकार से गीला कचरा एवं सूखा कचरा एक में देंगे तो उनके घर से कचरा संग्रहण बंद कर दिया जाएगा। जोन क्रमांक 4 के स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र बंजारे, सुपरवाइजर बोधन साहू एवं उनकी टीम घूम-घूम कर चालानी कार्रवाई कर रही है।

# सैनिकों के कल्याण के लिए मानवीय संवेदना से कार्य करें : राज्यपाल रमेन डेका

## सैनिक कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ के राज्य प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न, भूतपूर्व सैनिकों के हितों में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राज्यपाल श्री रमेन डेका की अध्यक्षता में आज राजभवन में सैनिक कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ के राज्य प्रबंधन समिति की 16वीं बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं, व उनके आश्रितों के लिए सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई एवं भूतपूर्व सैनिकों के हितों में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। राज्यपाल ने कहा कि भारत माता की सेवा में अपना जीवन गुजारने वाले वीर सपूतों का कल्याण करना सबका दायित्व और कर्त्तव्य है। इसमे मानवीय संवेदना के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। इस दिशा में हम सभी को विशेष ध्यान देना चाहिए।

राज्यपाल श्री डेका ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ''सशस्त्र सेना झंडा'' दिवस निधि के लिए संग्रह बढ़ाने के लिए राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड एवं गृह विभाग के प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि संग्रह बढ़ाने के लिए सभी तरीकों पर ध्यान देना चाहिए। सरकार की सहायता पर ही निर्भर ना रहते हुए समुदाय को भी इसके लिए प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के कल्याण के



लिए और अधिक योजनाएं शुरू की जा सकें। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आज की बैठक में लिये गये सभी निर्णयों से छत्तीसगढ़ में भूतपूर्ण सैनिक उनके लाभान्वित होंगे। श्री डेका ने राज्य के दूरदराज के इलाकों में कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ की सैनिक कल्याण टीम द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की और कहा कि समर्पण के साथ देश की सेवा करने वाले हमारे बहादुर पूर्व सैनिकों की अच्छी तरह से देखभाल की जाए।

बैठक के दौरान भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों के हित में कई बिदुओं पर निर्णय लिये गये। जिसमें जवानों की भांति जूनियर कमिश्नड ऑफिसर (जे.सी.ओ.) के लिये भी पुत्री विवाह हेतु 50 हजार रूपए का आर्थिक अनुदान तथा चार्टेड एकाउटेन्ट, कंपनी सेक्टरी के व्यवसायिक पाठयक्रम का अध्ययन करने वाले बच्चों को 20 हजार रूपए एकमुश्त प्रतिवर्ष का आर्थिक अनुदान प्रदान किया जायेगा। आईटीआई प्रशिक्षण के दौरान भूतपूर्व सैनिक प्रशिक्षु को देय 5 हजार रूपए प्रति माह के स्थान पर प्रशिक्षु द्वारा संस्थान को देय वास्तविक शुल्क प्रदान किया जायेगा तथा लघु व्यवसाय हेतु देय आर्थिक अनुदान 15 हजार रूपए जो सैम्फेक्स योजनाओं में सम्मिलित नहीं थे उनको वृद्धि कर 25 हजार रूपए कर दिया गया है। समिति ने जिला सैनिक कल्याण कार्यालय जगदलपुर के द्वितीय तल पर सभागार का निर्माण एवं भूतल पर दिव्यांग भूतपूर्व सैनिकों के लिए कमरा निर्माण के प्रस्ताव को अनुमोदित किया।

बैठक में सैनिक कल्याण बोर्ड के संचालक श्री विवेक शर्मा ने बोर्ड की अब तक की गतिविधियों एवं बजट के संबंध में प्रस्तुतिकरण दिया।

बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह विभाग श्री मनोज पिंगुआ, राज्यपाल के सचिव श्री यशवंत कुमार, गृह विभाग के सचिव श्री हिम शिखर गुप्ता, वित्त विभाग की सचिव श्रीमती शारदा वर्मा, ब्रिगेडियर प्रशासन, मध्य भारत एरिया, ब्रिगेडियर श्री एस. के. मल्होत्रा, कार्यवाहक सचिव केंद्रीय सैनिक बोर्ड, नई दिल्ली कैप्टेन (भा.नौ.) शाश्वत पूर्णानंद, अतिरिक्त महानिदेशक, पुनर्वास परिक्षेत्र मध्य कमान, लखनऊ ब्रिगेडियर विक्रम हिरू, कर्नल सुमीत शर्मा प्रभारी कमान्डर मुख्यालय छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा सब एरिया (कोसा) ने भाग लिया। इसके अलावा बैठक में अशासकीय सदस्यगण मेजर जनरल संजय शर्मा (से.नि.), विंग कमाण्डर ए श्रीनिवास राव (से.नि.), गैर शासकीय सदस्य द्वय श्री कैलाश नाहटा एवं श्री टी आर साहू उपस्थित थे।

## 06 दिसम्बर से जिला स्तर युवा उत्सव का आयोजन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस भी युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह 06 दिसम्बर से 10 दिसम्बर तक होगा जो सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन आरंग, अभनपुर, तिल्दा, धरसींवा में किया जा रहा है, जिसमें ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के 15 से 29 वर्ष के युवा शामिल हो सकते हैं।

युवा उत्सव में लोकनृत्य सामूहिक, लोकगीत सामूहिक, लोकर्नतय व्यक्तिगत, लोकगीत व्यक्तिगत, कहानी लेखन, चित्रकला, वक्तृत्व कला या तत्कालिक भाषण कविता, विज्ञान मेला, हस्तशिल्प, टेक्सटाईल, कृषि उत्पाद, तथा रोकबैंड भी इत्यादि विघा शामिल होगें। राक बैंड सिर्फ जिला और राज्य स्तर पर होगा। यह 06 दिसम्बर को अभनपुर विकासखंड में दावड़ा इंटरनेशनल स्कूल अभनुपर, धरसींवा में इन्द्रप्रस्थ स्टेडियम परसतराई आरंग में आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, तिल्दा मे मीडिल स्कूल ग्रांउड तुलसी नेवरा में होगा। विकासखण्ड स्तरीय स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कलाकार जिला स्तरीय एवं जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कलाकार/ प्रतिभागी राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने के लिए पात्र होंगे। पंजीयन हेतु श्री दयानंद देवांगन- 9302160384, श्री विकास यादव - 9584618747, श्री छत्रधारी सोनकर- 9399277220, श्री जयप्रकाश टण्डन- 9575619122, 87770668542. मोबाइल नंबर पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## आज रायपुर जिले में 13 हजार 408 टन धान की हुई खरीदी

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश में जिले के किसानों को समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है। जिले में आज 13 हजार 408 टन धान की खरीदी की गई। जिले में आज 3 हजार 25 किसानों से 30 करोड़ 85 लाख रूपये धान की खरीदी हुई। इस प्रकार अब तक 139 उपार्जन केन्द्रों में 36 हजार 112 किसानों से 01 लाख 52 हजार 403 टन धान की खरीदी हुई है। इन किसानो से अब तक 350 करोड़ 75 लाख रूपये की धान की खरीदी की गई है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर धान केन्द्रों में किसानों को आवश्यक सुविधाएं भी प्रदान की जा रही है। जिससे किसानों में धान बेचने को लेकर उत्साह है।

## अच्छी पहल : सरकारी स्कूल में भेंट किए पंखे




**बेमेतरा ( विश्व परिवार )।** बेमेतरा जिले के हाई स्कूल लावतरा (बेरला) में स्कूल संचालन,शैक्षणिक वातावरण से प्रभावित होकर समाज सेवी मनील सिंह ठाकुर, जितेन्द्र ढीमर (जे.डी) ने अध्ययनरत छात्रों के उत्साहवर्धन व गर्मी से राहत के लिए इन्होने स्कूल के प्र.प्राचार्य भुवन लाल साहू (राज्यपाल पुरस्कृत) को दो पंखे भेंट किए इस दौरान विद्यालय के शिक्षकगण सहित मनोज बक्सी, अजय शर्मा भी मौजूद रहे। पहल की सहारना ग्रामीणों ने भी किया।

## हुड़को क्षेत्र में उद्यान, तालाब, स्टेडियम एवं सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किए : आयुक्त

**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय प्रतिदिन सुबह निगम क्षेत्र में हो रहे कार्यो का औचक निरीक्षण कर रहे है। प्रतिदिन अलग-अलग जोन क्षेत्र में जाकर भ्रमण कर रहे है और वहां पर चल रहे सफाई व्यवस्था को देख रहे है एवं जानकारी प्राप्त कर रहे है। साथ ही क्षेत्र के उद्यानों, तालाबों, स्टेडियम, सड़को पर लगे लाईट व्यवस्था का मॉनिटरिंग भी कर रहे है। जो भी आवश्यक निर्देश है, अधिकारियो को शीध्र दे रहे है।



निगम आयुक्त आज सुबह हुड़को श्रीराम चैंक के आस-पास के उद्यानों को देखने पहुंचे। उन्होने अधिकारी को निर्देश दिए कि उद्यानों में लगाये गये पौधो में पानी की सिंचाई किया जाए, बंद पड़े नल को चालू किया जाए, बिछाए गये पाईप लाईन का संधारण कराए। उसके बाद हुड़को स्थित क्रिकेट स्टेडियम पहुंचकर वहां की सफाई कराने एवं टूटे हुए गेट का संधारण कराने को कहा, जिससे स्टेडियम में जानवर एवं असामाजिक तत्व अंदर न आए। वहां से होकर हुड़को तालाब का निरीक्षण किए तालाब में पूजा सामग्री विसर्जन हेतु कुण्ड बनाने के निर्देश दिए, जिससे आस-पास के नागरिक पूजा सामग्री को उसी में डाले। जिससे तालाब साफ-सुथरा रहे एवं जो स्ट्रीट लाईट बंद पड़े है उसका शीध्र संधारण करने के निर्देश दिए। अंत में शहीद कौशल स्मारक का निरीक्षण किये जहां स्मारक में लगाए गये टाइल्स टूट गये है उसे बदलने के साथ वहां पर लगे पौधो में पानी की सिंचाई करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, उपअभियंता दीपक देवांगन, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू आदि उपस्थित रहे।

## निगम प्रशासन ने 06 कर्मचारियों को ससम्मान बिदाई दी

**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** नगर निगम भिलाई के सभागार में सोमवार को 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 06 कर्मचारियों को स-सम्मान बिदाई दी गई। निगम प्रशासन की ओर से कर्मचारियों को शॉल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किए।



निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन क्रमांक-1 से यतराम चन्द्रकार पम्प सहायक, संपत्तिकर विभाग से नरहर लाल यादव चैकीदार, जोन क्रमांक-2 से उषा जोशी भृत्य, जोन क्रमांक-2 से बुधरू सफाई कामगार, जोन क्रमांक-4 से ताम्रध्वज बारले सफाई कामगार, जोन क्रमांक-5 से अर्जुनलाल सफाई कामगार को निगम प्रशासन की ओर से स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। सेवानिवृत्त कर्मचारियो ने अपनी कार्य अवधि को याद कर बताया कि कैसी भी परिस्थिति हो हमने निगम के हित को ध्यान में रखकर कार्य किये। नागरिको से जुड़े जो भी कार्य एवं योजना हो उसका बेहतर तरीके से निर्वहन किये। अंत में आयुक्त ने सभी अधिकारी कर्मचारियो से कहा कि जो भी बकाया राशि होगी उसका भुगतान शीघ्र किया जाएगा हम सबको मिलकर के निगम के हित में काम करना है राजस्व की आय बढ़ाना हमारा पहली प्राथमिकता है। निगम के पास जब पैसा रहेगा तभी हम विकास कर सकते हैं, कर्मचारियों का राशि का भुगतान कर सकते हैं, सब काम पैसे पर निर्भर है। इसलिए हम सब का लक्ष्य राजस्व बढ़ता ही होगा।

बिदाई कार्यक्रम में उपायुक्त नरेन्द्र कुमार बंजारे, चीफ इंजीनियर भागीरथ वर्मा, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, डी.के.वर्मा, स्थापना अधीक्षक बसंत देवांगन, जनसंपर्क अधिकारी अजय शुक्ला, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, रीता चतुर्वेदी, संजय शर्मा आदि उपस्थित थे।


**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

**नामांतरण प्रकरण क्र. 575 दिनांक 03.12.2024**
**वार्ड का नाम- इंदिरा गांधी वार्ड**
**वार्ड क्र. 34 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **34** मांग **पंजी क्र. 160 युआईडी 28562** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **गोमती साहू / बिसहत राम साहू** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **सरस्वती साहू / सुनील कुमार** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **02-01-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

**नामांतरण प्रकरण क्र. 572 दिनांक 03.12.2024**
**वार्ड का नाम- माधव राव सप्रे**
**वार्ड क्र. 19 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **19** मांग **पंजी क्र. 588 युआईडी 21886** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **ऋषभ सुराना / संजय सुराना** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **प्रमिला कौशिक / इन्द्रसेन कौशिक** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **02-01-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

**नामांतरण प्रकरण क्र. 573 दिनांक 03.12.2024**
**वार्ड का नाम- मां शीतला वार्ड**
**वार्ड क्र. 16 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **16** मांग **पंजी क्र. 668 युआईडी 19992** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **शांतिलाल पाटले / साहेब लाल पाटले** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **सुलोचना उपवंशी / राधेश्याम उपवंशी** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **02-01-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

**नामांतरण प्रकरण क्र. 574 दिनांक 03.12.2024**
**वार्ड का नाम- मां शीतला वार्ड**
**वार्ड क्र. 34 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **34** मांग **पंजी क्र. 160 युआईडी 28562** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **गोमती साहू / बिसहत राम साहू** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **सुनील कुमार साहू / बीसहत साहू** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **02-01-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)फोन नं.-0771-2991574**
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कॉलोनी **खिलोरा, जिला-रायपुर** में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत **एल.आई.जी. भवन क्रमांक-248 श्रीमती सरिता पात्र पति श्री पूर्ण चन्द्र पात्र निवासी: गिरधर शर्मा ग्राम कुरूद ( मंदिर हसौद ) तहसील-आंरग जिला-रायपुर ( छ.ग. )**, को इस कार्यालय के आंबटन **आदेश क्रमांक 678 दिनांक 22.01.2009** के माध्यम से स्ववित्तीय आधार पर आंबटित किया गया है। मूल आंबटी **श्रीमती सरिता पात्र पति श्री पूर्ण चन्द्र पात्र** पूर्ण मूल्य जमा कर **दिनांक 11.01.2010** को लीजडीड निष्पादित करा लिया गया है। **मूल आंबटी द्वारा हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त फ्लैट को क्रेता श्रीमती रेणु परिडा पति श्री बाबुला परिडा पता : विवेकानंद वार्ड हाटकचोरा जगदलपुर जिला-बस्तर ( छ.ग. )** के पक्ष में **दिनांक 25.03.2015** को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में **क्रेता श्रीमती रेणु परिडा पति श्री बाबुला परिडा,** द्वारा उक्त भवन को फ्री-होल्ड पश्चत् अपने नाम पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन/फ्लैट का **फ्री-होल्ड उपरांत नाम दर्ज** किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समायवधि पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर छ.ग.**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223**
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि निर्मित अटल आवास **योजनांतर्गत धनसुली,** रायपुर में स्थित **अटल आवास भवन क्रमांक-169, श्री घना राम साहू पिता स्व.श्री बुधवा राम साहू** के नाम से आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन की लीजडीड दिनांक **19/04/2010** पंजीकृत कराने उपरान्त भवन की पूर्ण राशि जमाकर दिनांक **30/10/2012** को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में **आबंटी श्री घना राम साहू पिता स्व. श्री बुधवा राम साहू निवासी- विश्वास किराना गली, अमलीडीह रोड, न्यू पुरैना, रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )** के द्वारा उक्त भवन को **क्रेता श्रीमती सुशीला बाई यदु पति श्री मनराखन यदु निवासी राउतपारा, भाठागांव, भारसेला, जिला बलौदाबाजार ( छ.ग. )** के नाम से विकय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन, अन्य दस्तावेज, प्रस्तुत कर विक्रय अनापत्ति पत्र (NOC) की मांग की गई है।

अत: उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धधशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223**
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा, सामान्य आवास योजनांतर्गत **पिरदा, रायपुर में स्थित एम.आई.जी. ब्लॉक नं-04, फ्लैट नं-13, ( चतुर्थ-तल ),** को इस कार्यालय के **पत्र क्रमांक** 6284 दिनांक 06.10.2016 के द्वारा 1. **श्रीमती मनीषा बोरकर मेश्राम पति श्री आशीष मेश्राम एवं 2. श्री आशीष मेश्राम पिता श्री मोहन मेश्राम,** के संयुक्त नाम एकमुश्त आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट के मद में सम्पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट कि सेलडीड दि. 05.05.2017 को पंजीकृत करने उपरांत इस कार्यालय के **पत्र क्रमांक** 6052 दिनांक 01.07.2017 फ्लैट का आधिपत्य प्राप्त कर लिया गया है।

वर्तमान में आबंटी **1. श्रीमती मनीषा बोरकर मेश्राम पति श्री आशीष मेश्राम एवं 2. श्री आशीष मेश्राम पिता श्री मोहन मेश्राम, दोनों निवासी: प्लॉट नं-422, सड़क -05, मॉडल टाउन, पोस्ट नेहरूनगर भिलाई ( छ.ग. )** के द्वारा उक्त **फ्लैट को क्रेता श्री अविनाश कुमार पाण्डेय पिता श्री राजेन्द्र पाण्डेय, निवासी :-सांई भोज कॉलोनी, वॉल फोर्ट सिटी के पीछे, भाठागांव, रायपुर को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र ( एन.ओ.सी. )** प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त फ्लैट के विक्रय करने के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय बैंक अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

**पत्र क्र. /16166/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024**
**रायपुर, दिनांक 03-12-2024**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 16166**
**वार्ड का नाम- 70 - संत रविदास वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 70 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR870J00007** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **BISWAJIT BASU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. PRABIR KUMAR BASU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **PAYAL GUPTA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DIPESH GUPTA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-

**श्री आदित्य कुमार हालदार**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

# जिस बंगला देश को हमने पैदा किया आज वही सपोले हमारी भाइयों को निगल रहे हैं

### बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफसर्व हिंदू समाज ने निकाला विशाल आक्रोश रैली

### हिंदू समाज के विभिन्न वर्गों ने बढ़ चढ़ कर लिया हिस्सा

**गोपाल सिंह विद्रोही**






**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)**-- सूरजपुर जिला मुख्यालय में आज सर्व हिंदू समाज के बैनर तले विभिन्न समाज के लोगों ने बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ आक्रोश रैली निकाल एसडीएम को ज्ञापन सोपा। रैली से पूर्व पुलिस थाना के सामने बस स्टैंड में सर्व हिंदू समाज ने विशाल आम सभा का आयोजन किया जिसमें हिंदू समाज के विभिन्न वर्गों एवं संगठन के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और बांग्लादेश में हो रहे अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार पर अपना आक्रोश जाहिर किया। बीजेपी नेता एवं पूर्व गृह मंत्री राम सेवक ने कहा कि हम एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। हम आपस में लड़ते रहेंगे तो इसका नाजायज फायदा उठाकर दूसरे लोग हिंदू समाज को खंडित करेंगे ।हमें एकता भाईचारे के साथ रहना है । इन्होने आगे कहा कि बांग्लादेश पाकिस्तान के आतंक से जूझ रहा था तब भारतवर्ष ने उसे पाकिस्तान के आतंक से मुक्त कराया और आज यह बांग्लादेश बेशर्म बेशर्मी का हद पार कर हिंदू धर्म लंबियों को हत्या कर रहा है जो शर्म की बात है। इस अवसर पर दिनेश साहू, संजय कुमार सिंह, बाबूलाल सिंह, गौरंग मंडल , बबलू महाराज, महेंद्र लांडे,विजय शर्मा, दुर्गा चरण सिंह, बबलू सिंह, तेज बहादुर सिंह , शेष मणि, विमल रजत आदि ने बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ जमकर वर्षा इन वक्ताओं ने कहा कि जो बांग्लादेश पाकिस्तान के अत्याचार से कर रहा था उसे भारत ने मुक्ति दिलाई पाकिस्तान बांग्लादेश की बहन बेटियों को उठा लेकर जा रहे थे ,खुलेआम कत्ल कर रहे थे ।पूरा पूर्वी पाकिस्तान तड़प रहा था ऐसी स्थिति में भारतवर्ष ने हमदर्द बनकर सामने आया और पाकिस्तान से मुक्त कराया लेकिन बेशर्म बांग्लादेशी सरकार हमारे ही हिंदुओं को प्रताड़ित कर रहे हैं उन्हें कत्ल कर रहे है। उनके मां-बहन की इज्जत लूट रहे हैं, मंदिरों को तोड़ रहे हैं। हिंदुओं की संपत्ति लूट रहे हैं, घरों में आग लग रहे हैं जो एक राक्षस प्रवृत्ति के लोग करते हैं वे सभी खूनी रक्त पिचाश बनाकर हिंदुओं पर अत्याचार कर रहे हैं। इन इन वक्ताओं ने आगे कहा कि हम भारत सरकार से अपील करते हैं कि वे तत्काल हस्तक्षेप कर हिंदुओं को बांग्लादेश में हो रहा है कत्लेआम , अत्याचार को रोके ।समाज के लोगों ने देश के सभी राजनीतिक दलों से अपील की है कि वह बांग्लादेश में हो रहा है हिंदुओं के अत्याचार पर एकता की परिचय देकर सर्व सम्मति से बांग्लादेश पर दबाव बनाएं और हिंदुओं के ऊपर हो रहे अत्याचार को रोके। आम सभा के पश्चात सर्व हिंदू समाज के साथ बाबूलाल गोयल, अजय गोयल, ठाकुर राजवाड़े, शशि गर्ग, सत्यम गर्ग, संजय भारत, सत्यनारायण जायसवाल, रामानंद जायसवाल, भीम सेन अग्रवाल,रितेश जायसवाल ,मनी बग्गा ,दीपेंद्र सिंह चौहान, विनय तिवारी, शशि तिवारी, सतीश तिवारी, श्याम पांडेय,मोहनी झा, अश्वनी उपाध्याय ,समीर सिंह, विवेक लाहरी जायसवाल, विजय कुरे,राजेंद्र पासवान आदि बांग्लादेश के खिलाफनारेबाजी करते हुए विशाल रैली के साथ एसडीएम कार्यालय सूरजपुर पहुंचे तथा राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम एसडीम शिवानी जायसवाल को ज्ञापन सौंपा और पुनः बांग्लादेश के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आयोजन स्थल पहुंचकर कार्यक्रम का समापन किया ।कार्यक्रम का संचालन सत्येंद्र कुमार गुप्ता एवं आभार सत्यम गर्ग ने किया।

## नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन हेतु शिकायत सेल/ कन्ट्रोल रूम के लिए नोडल अधिकारी एवं सहयोगी कर्मचारी हुए नियुक्त

**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**- जिले में नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन 2024-25 संपन्न कराये जाने हेतु शिकायत सेल/कन्ट्रोल रूम के लिए नोडल अधिकारी एवं सहयोगी कर्मचारियों नियुक्त कर कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन के लिए आदेशित किया गया है। इस शिकायत सेल/कन्ट्रोल रूम में नियुक्त कर्मचारी प्राप्त होने वाली सूचनाओं / प्राप्त शिकायतों को पंजीबद्ध करेंगे, व संबंधित को इसकी सूचना देते हुए इसके निराकरण के लिए नोडल अधिकारी / सहायक नोडल अधिकारी को अवगत करायेंगें साथ ही सम्पति विरूपण, आदर्श आचरण संहिता की जानकारी संकलित एवं तैयार कर आयोग को प्रतिदिन प्रेषित करेंगे। गौरतलब है कि श्रीमती चांदनी कंवर, डिप्टी कलेक्टर सूरजपुर, मो.न. 9205543274 (शिकायत सेल) का नोडल अधिकारी एवं श्रीमती बेनेदिक्ता तिर्की, उपसंचालक समाज कल्याण विभाग सूरजपुर मो.न. 966903238 (कन्ट्रोल रूम) का नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा शिकायत सेल एवं कन्ट्रोल रूम के सहायक कर्मचारी के रूप में प्रात: 06.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक श्री शिवशंकर कुशवाहा, स.ग्रे.-02, शा.बा.उ.मा.वि. सूरजपुर मो.नं. 9826726816 तथा श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, भृत्य, शा.मा.शाला राजापुर, मो.नं. 6265561156 को तथा दोपहर 02.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक सहायक कर्मचारी श्री विरेन्द्र कुमार साहू, स.ग्रे.-03. शा.हाई स्कूल परशुरामपुर, मो.नं. 8889166154, श्री नन्दकिशोर कुशवाहा, भृत्य, शा.पूर्व.मा.शाला कसलगिरी, मो. नं. 9340856491 को तथा रात्रि 10.00 बजे से प्रात: 06.00 बजे तक, श्री बिनोद कुशवाहा, स.ग्रे.-03, शा.उ.मा. वि. कन्दरई, मो.नं. 7974100368 एवं श्री राजु यादव, भृत्य, शा.उ.मा. वि. सोनपुर, मो.नं. 9669307074 ड्यूटी पर होंगे। इसके अलावा कन्ट्रोल रूम हेतु रिजर्व कर्मचारी के रूप में श्री दीर्घश प्रताप सिंह, स.ग्रे.-03, कृषि विभाग सूरजपुर मो.नं. 877065170, श्री घरभरन राम पण्डो, सहा. ग्रेड़-03 शा.उ.मा. वि. महंगई, मो. नं. 8103165060, श्री रामरतन सिंह, भृत्य, शा.उ.मा.वि.देवनगर, मो. नं. 9644450675 एंव श्री शोभनाथ, भृत्य, शा.उ.मा.वि. डुमरिया, मो. नं. 8435265361 को नियुक्त किया गया है।

## समस्त विकासखण्डों में 5 दिसंबर को होगा विकासखण्ड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर के निर्देशानुसार विकासखण्ड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन के निर्देश एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नंदिनी साहू के मार्गदर्शन में 05 दिसंबर 2024 को समस्त विकासखण्ड मुख्यालय में किया जायेगा। खेल अधिकारी श्रीमती आरती पाण्डेय ने बताया कि प्रथम चरण में महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन विकासखण्ड स्तर से प्रारंभ किया जाता है। विकासखण्ड स्तर के विजेता प्रतिभागी / दल जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। विकासखण्ड स्तरीय आयोजन के नोडल समस्त जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं सहायक नोडल समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को नियुक्त किया गया है तथा समस्त आयोजन के सफल संचालन एवं सहयोग हेतु श्री शरदेन्दु कुमार शुक्ल, सहा. जिला क्रीड़ा अधिकारी सूरजपुर को जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। महिला खेलकूद प्रतियोगिता में 10 खेल विधा सम्मिलित है, जिसमें एथलेटिक्स (100 मी., 400 मी. दौड़, तवा फेंक) खो-खो, हॉकी, बैडमिंटन (सिंगल्स एवं डबल्स), वॉलीबाल, कुश्ती (50 व 53 किग्रा), बास्केटबाल, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग (अंडर-18 हेतु 40 एवं 45 किग्रा तथा 18 से अधिक आयु वर्ग हेतु 45 व 49 किग्रा) एवं रस्साकस्सी शामिल है। यह प्रतियोगिता दो आयु वर्गो 09 से 18 वर्ष एवं 18 से 35 वर्ष हेतु निर्धारित किया गया है। खिलाड़ी को प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु पंजीयन फॉर्म भरना अनिवार्य है। आयोजन में भाग लेने अथवा किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु खिलाड़ी कार्यालयीन दिवस में खेल एवं युवा कल्याण विभाग, संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय अथवा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं श्री पंकज डोंगरे के मोबाईल नंबर 6260027676 में संपर्क कर सकते हैं।

## बंदूक से शिक्षिका को धमकाने वाला शिक्षक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-एक प्रधान पाठक के द्वारा स्कूल में बंदूक ले जाकर शिक्षिका को धमकी देने संबंधी न्यूज सोशल एवं वेब मीडिया में वायरल होने पर इसे त्वरित संज्ञान में लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। थाना प्रभारी प्रतापपुर ने बीईओ प्रतापपुर से लिखित रिपोर्ट प्राप्त कर आरोपी प्रधान पाठक सुशील कुमार कौशिक के विरूद्ध धारा 221, 351(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर प्रधान पाठक को गिरफ्तार किया है। दरसल प्राथमिक शाला बरबसपुर का प्रधान पाठक सुशील कुमार कौशिक दिनांक 21/11/24 को नशे की हालत में बंदूक के साथ शासकीय हाई स्कूल बरबसपुर में घुसकर वहां के संकुल प्राचार्य को दिनांक 20.11.24 को अनुपस्थित क्यों किये हो कहकर गोली मारने की धमकी दिया उसके शाला आने से बच्चों पर बुरा असर पड़ा है।

## महिलाओं के विरूद्ध हिंसा उन्मूलन के अंतर्राष्ट्रीय दिवस जागरूकता कार्यक्रम किया गया आयोजन




**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- जिले के कलेक्टर एस. जयर्वधन के निर्देश तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी रमेश साहू जी के मार्गदर्शन में आज शासकीय रेवती रमन मिश्र महाविद्यालय सूरजपुर में महिलाओं के विरूद्ध हिंसा उन्मूलन का अंतर्राष्ट्रीय दिवस दिनांक 25 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक विश्व भर में 16 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढाओ का संदेश, मिशन शक्ति, सखी वन स्टॉप सेन्टर, महिला हेल्प लाईन नं. 181 के बारे में वितृत चर्चा की गई एवं छात्र-छात्राओं के साथ प्रश्नोत्तरी करके महिला उत्पीड़न के बारे में जानकारी दी गई इसके अलावा घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, कार्यस्थल पर महिलाओ का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013, बालको का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2012 (पोस्को) एवं बाल विवाह निषेध अधिनियम की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य श्री एच.एन.दुबे, प्रोफेसर श्रीमती रश्मि पाण्डेय महिला एवं बाल विकास विभाग से महिला संरक्षण अधिकारी श्रीमती इन्द्रा तिवारी, सखी वन स्टॉप सेन्टर से केन्द्र प्रशासक श्रीमती विनिता सिन्हा एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें ।

# राज्य सरकार दिव्यांगजन के सर्वांगीण विकास और स्वावलंबन के लिए प्रतिबद्ध - मराबी

### अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर समावेशिता और समानता के बढ़ाये हाथ - श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** आज मंगल भवन सूरजपुर में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस 2024 के अवसर पर दिव्यांगजन सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों की असीम क्षमता और जीवन जीने के प्रति उनके अदम्य साहस को नमन किया गया। कार्यक्रम में प्रेमनगर विधायक श्री भूलन सिंह मराबी मुख्य अतिथि व प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते विशिष्ट अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम में विधायक श्री भूलन सिंह मराबी ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए दिव्यांगजन दिवस मनाने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया दिव्यांगजन के लिए समान अधिकार, तरक्की और विकास के रास्ते सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया जाता है। राज्य सरकार दिव्यांगजन के सर्वांगीण विकास और स्वावलंबन के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होने आगे कहा अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस तभी सार्थक हो सकता है जब सभी दिव्यांगजन अन्य नागरिकों के समान ही आर्थिक और सामाजिक स्थिति पा सकें। इसलिए आवश्यक है कि हम सभी दिव्यांगजन की क्षमताओं और नेतृत्व पर विश्वास रखतें हुए एक समावेशी औ संवहनीय भविष्य की ओर कदम बढ़ाये।

कार्यक्रम में प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने भी उपस्थित जनों से संबोधित किया। उन्होने कहा दिव्यांग भी मुख्यधारा का ही हिस्सा हैं। अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर हम सभी को समावेशिता और समानता के लिए हाथ बढ़ाना चाहिए और मिलकर एक ऐसी दुनिया बनाना चाहिए, जिसमें हर किसी की क्षमताओं का सम्मान हो।

कार्यक्रम में लगभग 150 दिव्यांगजनो को सम्मानित किया गया और निःशक्त विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत दंपत्ति सतीश केवट एवं महेश्वरी को 01 लाख रुपये की सम्मान राशि प्रदान की गई।

कार्यक्रम में अभय तिवारी, अवधेश पाण्डेय, रामरतन गुप्ता, प्रफूल गुप्ता, मुकेश अग्रवाल, अजय जायसवाल, विक्रम सिंह, जनप्रतिनिधि, दिव्यांगजन, कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन, एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल, सहायक संचालक समाज कल्याण श्रीमती बेनेदिक्ता तिर्की व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### घर के बाहर खड़े वाहन में अज्ञात ने लगाई आग

**कोरबा(विश्व परिवार)।** साऊथ ईस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की गेवरा कालोनी में शनिवार देर रात एक बाइक में अचानक आग लग गई। जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक बाइक जल कर खाक हो चुकी थी। एसईसीएल कर्मी फोरमैन अंजनी गोपाल की होंडा बाइक घर के आंगन में खड़ी थी। उसमें आग कब तक लगी, इसकी गोपाल व उनके परिवार के सदस्यों को जानकारी नहीं मिल सकी, पर वाहन का फ्यूल टैंक ब्लास्ट हुआ, तब उनकी नींद खुली। आवाज सुनकर गोपाल व उनका परिवार बाहर निकला, तब उन्होंने देखा कि वाहन में आग लगी है। इस पर उन्होंने आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन फ्यूल टैंक ब्लास्ट होने से पूरा वाहन जल गया। वाहन मालिक अंजनी गोपाल ने बताया कि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है। आग कब कैसे और किन परिस्थितियों में लगी है, यह समझ से परे है। आशंका जताई जा रही है कि शार्ट सर्किट या किसी असामाजिक तत्व की हरकत हो सकती है। घटना के बाद स्थानीय निवासियों ने पुलिस से कालोनी में नियमित पेट्रोलिंग बढ़ाने और असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की मांग की है।

### सामाजिक अर्थदंड से आहत युवक ने की आत्महत्या

**जशपुर(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में समाज की ओर लगाए गए भारी-भरकम दंड (जुर्माना) से आहत एक युवक ने आत्महत्या कर ली। युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। उसने आत्महत्या से पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर एक पोस्ट भी किया है, जिसमें उसने रकम वापसी की गुहार लगाई थी। कोई सुनवाई नहीं होने के बाद युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार पूरा मामला जिले के सन्ना थाना इलाके के गाड़ाकोना गांव का है। यहां के रहने वाले यादव समाज के युवक का प्रेम-प्रसंग एक शादीशुदा महिला के साथ चल रहा था। समाज के लोगों को इसकी भनक लगने पर बैठक हुई। बैठक में समाज के नेताओं ने युवक पर दो लाख रुपए का अर्थदंड लगा दिया। इसी के चलते युवक परेशान था। उसने अपने रकम की वापसी को लेकर फेसबुक पर भी पोस्ट किया था। रकम वापसी को लेकर कही से कोई पहल नहीं होने के बाद उसने फांसी लगाकर जान दे दी। मामला अब पुलिस तक पहुंचा गया है।

### श्रीराम के दर्शन के लिए रवाना हुए 40 श्रद्धालु

**कोरबा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार की तीर्थ दर्शन योजना जारी है। यात्रा के चरण के अंतर्गत कोरबा जिले से चयनित किए गए 40 श्रद्धालुओं को आज अयोध्या के लिए रवाना किया गया। उन्हें भगवान श्री राम के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होगा। नगर निगम कार्यालय साकेत भवन परिसर से श्रद्धालुओं का समूह बस से बिलासपुर भिजवाया गया जहां से उनकी अगली यात्रा अयोध्या के लिए शुरू होगी। श्रद्धालुओं की देखने के लिए नोडल ऑफीसर्स भी नियुक्त किए गए हैं जो इस यात्रा में उनके साथ होंगे। सरकार ने लॉटरी सिस्टम से आवेदन करने वाले लोगों को चयनित किया है यह पूरी प्रक्रिया पारदर्शी बताई गई है। जिले से चयनित किए गए श्रद्धालु शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से संबंधित है जो सभी स्टैंडर्ड को फॉलो करने के साथ इस प्रक्रिया में शामिल हुए। श्रद्धालुओं को कोरबा से रवाना किए जाने के दौरान महापौर राजकिशोर प्रसाद, पार्षद और कैबिनेट मंत्री के भाई नरेंद्र देवांगन, नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, आयुक्त आशुतोष पांडेय, पार्षद पालूराम साहू, मंजू सिंह, निगम सचिव पवन वर्मा उपस्थित थे।

### सियान सदन में मनाया गया संविधान दिवस

**कोरबा(विश्व परिवार)।** रानी रोड स्थित सियान सदन में संविधान दिवस की 75 वी वर्ष गांठ मजदूर किसान नेता मूरित राम साहू के मुख्य आतिथ्य में मनाई गई। इस अवसर पर श्री साहू नेअपने संबोधन मे संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि यह हमारे देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है। उन्होंने संविधान के मूल्यों को बनाए रखने और इसके प्रति निष्ठा रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान दुनिया के सभी संविधानों से बेजोड़ है और यह हमारे देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है। वार्ड के पार्षद और कांग्रेस नेता धरम निर्मले ने संविधान के मूल्यों को बनाए रखने और इसके प्रति निष्ठा रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संविधान हमारे देश के नागरिकों को समानता, न्याय और स्वतंत्रता का अधिकार देता है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे इस अवसर पर सुरेश रोहरा पत्रकार ने कहा हमारे देश का संविधान दुनिया को रोशनी दिखाता है यह कार्यक्रम संविधान दिवस के महत्व को उजागर करने और लोगों को संविधान के मूल्यों के प्रति जागरूक करने के लिए आयोजित किया गया था।

दैनिक विश्व परिवार

विचार-पक्ष

रायपुर बुधवार 04 नवंबर 2024

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com



## संपादकीय

# अडानी विवाद की संसदीय जांच की मांग

अमेरिका के न्याय मंत्रालय ने कहा है कि वहां सौर ऊर्जा संबंधी ठेके दिलवाने और उन परियोजनाओं में पैसा लगाने पर अमेरिकी निवेशकों को राजी करने के लिए अडानी ने भारतीय अधिकारियों को 25 करोड़ डॉलर की रिश्वत देने का वादा किया। उद्योगपति गौतम अडानी और उनके कारोबार पर अब बड़ा घेरा पड़ गया है। नया मामला हिंडनबर्ग रिपोर्ट जैसा नहीं है, क्योंकि इस बार अडानी और उनके उद्योग समूह से जुड़े कई प्रमुख लोगों पर अभियोग अमेरिका के न्याय मंत्रालय ने लगाया है। जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर मंत्रालय ने कहा है कि अमेरिका में सौर ऊर्जा संबंधी ठेके दिलवाने और उन परियोजनाओं में पैसा लगाने पर अमेरिकी निवेशकों को राजी करने के लिए अडानी ने भारतीय अधिकारियों को 25 करोड़ डॉलर की रिश्वत देने का वादा किया। जिन पर अभियोग लगा है, उनमें गौतम अडानी, उनके भतीजे सागर अडानी और अडानी समूह की अक्षय ऊर्जा कंपनी के बड़े अधिकारी विनीत एस. जैन शामिल हैं। खबरों के मुताबिक अमेरिका की अदालत में पेश करने के लिए वहां के अधिकारी आरोपित व्यक्तियों के प्रत्यर्पण की मांग भारत सरकार से कर सकते हैं। भारत सरकार इस पर राजी होगी या नहीं– यह दीगर बात है। निर्विवाद रूप से ताजा घटना अडानी के लिए उससे कहीं बड़ा झटका है, जैसा पिछले साल उसे हिंडनबर्ग रिपोर्ट से लगा था। उस रिपोर्ट में इल्जाम लगाया गया था कि अडानी समूह ने अपने शेयरों के भाव को फर्जी ढंग से बढ़ाया और एकाउंटिंग में धोखाधड़ी की। ताजा खबर के ठीक पहले शेख हसीना सरकार के समय बांग्लादेश में अडानी को हुए बिजली परियोजना आवंटन की जांच के लिए विशेषज्ञों की समिति बनाने का समाचार आया था। यह भी चर्चा है कि श्रीलंका की नई सरकार वहां अडानी समूह को मिली परियोजना की समग्र जांच कराने पर विचार कर रही है। ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में अडानी की परियोजनाओं पर भी हाल मे विवाद बढ़ा है। अमेरिकी राष्टपति चुनाव में डॉनल्ड ट्रंप के जीतते ही गौतम अडानी ने वहां दस बिलियन डॉलर के निवेश का एलान किया था। अब यह इरादा भी खटाई में पड़ सकता है। इन तमाम सूचनाओं से भारतीय शेयर बाजार को हिचकोले लगना और साथ ही देश में सियासी विवाद गरमाना लाजिमी है। उचित तो यह है कि कम-से-कम अब नरेंद्र मोदी सरकार अडानी विवाद की संसदीय जांच कराने पर राजी हो जाए।

# भाजपा ने दांव बहुत कायदे से आजमाया

अजीत द्विवेदी

हरियाणा और महाराष्ट्र दोनों राज्यों के चुनाव नतीजे हैरान करने वाले थे। दोनों राज्यों में सामान्य समझ यह कह रही थी कि भाजपा का गठबंधन चुनाव हार रहा है। तमाम पत्रकार, सर्वेक्षण करने वाली एजेंसियां, राजनीतिक विश्लेषक और पार्टियों के नेता भी यह मान रहे थे कि दोनों राज्यों में भाजपा के खिलाफ माहौल है। पांच महीने पहले दोनों राज्यों में लोकसभा चुनाव में भाजपा को झटका लगा था। महाराष्ट्र में उसकी सीटें 23 से घट कर नौ और हरियाणा में 10 से घट कर पांच रह गई थीं। हरियाणा में तो सत्ता विरोधी लहर को कम करने के लिए भाजपा ने साढ़े नौ साल मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल खट्टर को हटा दिया था और उनकी जगह नायब सिंह सैनी को सीएम बनाया था। हालांकि उन सैनी की इच्छा के विपरीत उनकी विधानसभा सीट बदल दी गई थी। वे चुनाव जीतने के लेकर कई कतई आशान्वित नहीं थे। तभी आठ अक्टूबर को वोटों की गिनती के दौरान शुरुआती रूझानों में जब भाजपा बहुत पिछड़ गई तो उन्होंने सामने आकर हार स्वीकार कर ली और कहा कि अगर भाजपा हारती है तो उसकी जिम्मेदारी उनकी होगी, पार्टी आलाकमान की नहीं होगी। लेकिन उसके चंद मिनटों के बाद ही सारी तस्वीर बदल गई और भाजपा ने बड़ी जीत हासिल कर ली। हरियाणा में चुनाव नतीजों के बाद कहा गया कि पिछड़ी जाति के नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाना भाजपा का मास्टरस्ट्रोक था, जिससे 36 फीसदी पिछड़ी जातियां एकजुट हो गईं और भाजपा जीत गई। यही तर्क महाराष्ट्र की आश्चर्यजनक जीत के पीछे भी दिया जा रहा है। कहा जा रहा है कि भाजपा ने मराठा ध्रुवीकरण के मुकाबले पिछड़ी जातियों को एकजुट किया। इसके लिए सरकारी स्तर पर भी प्रयास किए गए और राजनीतिक स्तर पर भी। तभी करीब 38 फीसदी पिछड़ी जातियां भाजपा और उसके गठबंधन के पक्ष में एकजुट हो गईं। जीत के पीछे अगर यह कारक है तो यह एक बहुत बड़ी परिघटना है। इसके आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि जिस राज्य में भी नब्बे के दशक में मंडल की राजनीति बहुत असरदार नहीं थी या जहां मंडल की राजनीति का विरोध था या जहां मंडल की राजनीति



से बड़े नेता नहीं निकले या जहां ओबीसी की आबादी 50 फीसदी से कम है वहां भाजपा ओबीसी वोट की मुख्य हकदार बन गई है। उन राज्यों में कांग्रेस या विपक्ष का ओबीसी का दांव यानी जातिगत गणना कराने या आरक्षण बढ़ाने या ओबीसी का चेहरा आगे करने का दांव काम नहीं कर रहा है। ऐसा नहीं है कि यह परिघटना अनायास घटित हो रही है। भाजपा इसके लिए प्रयास भी कर रही है। उसने अलग अलग राज्यों में जातियों के बीच की फॉल्टलाइन को समझा है और मजबूत व दबंग जातियों के खिलाफ अपेक्षाकृत कमजोर जातियों को खड़ा किया है। यह समाज का विभाजन कराने वाली बात है लेकिन दुर्भाग्य से भारत की राजनीति ऐसे ही विभाजन पर फल फूल रही है। अगर हरियाणा की बात करें तो भाजपा ने वहां पहले दिन से गैर जाट राजनीति की। उसने 2014 में चुनाव जीतने के बाद पंजाबी समुदाय के मनोहर लाल खट्टर को मुख्यमंत्री बनाया। इसकी प्रतिक्रिया में 2019 के चुनाव में जाट ध्रुवीकरण पूरी तरह से भूपेंदर सिंह हुड्डा के नाम पर कांग्रेस के साथ हो गया। इसे अवसर मान कर भाजपा ने 2024 में खट्टर को हटा दिया और पिछड़ी जाति के नायाब सिंह सैनी को सीएम बना दिया। इसमें भी भाजपा ने बड़ी होशियारी से गैर यादव पिछड़ी जाति का चेहरा आगे किया क्योंकि हरियाणा के इतिहास में अब तक उनका कोई सीएम नहीं बना था। सो, उसने अपेक्षाकृत कमजोर पिछड़ी जाति का नेतृत्व आगे करके एक नई जातीय अस्मिता को जन्म दिया। इसका फायदा उसको चुनाव में मिला। जब हरियाणा का चुनाव शुरू हुआ तब तक अनुसूचित जातियों के आरक्षण में वर्गीकरण का सुप्रीम कोर्ट का फैसला आ चुका था। भाजपा ने सरकारी स्तर पर इसे लागू करने का ऐलान तो नहीं किया लेकिन राजनीतिक स्तर पर इसे लागू कर दिया। उसने राज्य की एससी आरक्षित सीटों पर जाटव की बजाय अपेक्षाकृत कमजोर दलित जातियों के उम्मीदवार ज्यादा उतारे। दूसरी ओर जाटव वोट बांटने के लिए बहुजन समाज पार्टी व इनेलो और आजाद समाज पार्टी व जननायक जनता पार्टी का गठबंधन था। यह गठबंधन अपने आप बना या उसके पीछे कोई प्रबंधन था, वह अलग अटकल का विषय है। परंतु जाटव वोट बंटे और गैर जाटव वोट भाजपा के साथ जुड़े। इस तरह भाजपा ने सबसे मजबूत और दबंग जाटों को और दलितों में जाटवों को अलग थलग किया और कमजोर पिछड़ी जाति का सीएम बना कर उनके साथ कमजोर दलित समूहों को जोड़ा। जाट शाही की वापसी के हल्ले में 36 बिरादरी को भाजपा ने एक किया। चुनाव के बाद पहली कैबिनेट में जिस तरह से नायब सिंह सरकार ने अनुसूचित जाति के आरक्षण में वर्गीकरण का फैसला लागू किया उससे साफ हो गया कि चुनाव में कैसे उसने इस दांव का प्रयोग किया था। इसी तरह महाराष्ट्र में भाजपा ने मराठा आरक्षण का इस्तेमाल अपने हक में किया। असल में जिस मराठा आरक्षण को भाजपा के लिए खतरा माना जा रहा था उसने उसको अपने फायदे के लिए इस्तेमाल किया। भाजपा के समर्थन वाली एकनाथ शिंदे सरकार ने मराठाओं को ओबीसी कोटे में आरक्षण देने का फैसला किया, जिससे ओबीसी समूह नाराज हुए। इसका मकसद मराठा बनाम ओबीसी के विवाद को बढ़ाना था। दोनों के बीच पहले से फॉल्टलाइन थी, जिसे भाजपा ने और बड़ा कर दिया। यह एक जोखिम भरी रणनीति थी, लेकिन भाजपा को पता था कि वह इसे हैंडल कर सकती है। उसने मराठाओं और पिछड़ी जातियों का झगड़ा बढने् दिया। राज्य की ओबीसी राजनीति के सबसे बड़े चेहरे छगन भुजबल को इस आग में घी डालने दिया गया। उन्होंने ओबीसी की रैलियां कराईं और उनको जाग्रत कर दिया। इसके बाद यह नैरेटिव सेट किया गया है कि मराठा वोट शरद पवार, उद्धव ठाकरे और कांग्रेस के साथ हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले खुद सबसे मजबूत पिछड़ी जाति कुनबी से आते हैं लेकिन वे भाजपा के इस नैरेटिव को काउंटर नहीं कर सके। भाजपा ने जैसे हरियाणा में जाट और मुस्लिम बनाम अन्य का माहौल बनाया उसी तरह महाराष्ट्र में मराठा और मुस्लिम बनाम अन्य का मुकाबला बना दिया। उसने इसके लिए %बंटेंगे तो कटेंगे' का नारा भी चलने दिया और %एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे' का नारा भी चलने दिया और वोट जिहाद का नैरेटिव बिल्कुल नीचे तक जाने दिया। इससे ध्रुवीकरण कराने में उसको फायदा हुआ। राज्य में 20 फीसदी से ज्यादा मुस्लिम आबादी वाली 38 सीटों में से भाजपा और उसके सहयोगियों ने 22 सीटें इसी रणनीति से जीतीं। ऐसा नहीं है कि भाजपा ने सिर्फ राजनीतिक रणनीति, नारे या नैरेटिव के स्तर पर खेल किया। उसने सरकारी स्तर पर भी इसके लिए बहुत प्रयास किए। सबसे पहले तो इस सिलसिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विश्वकर्मा सम्मान योजना का जिक्र किया जा सकता है। यह एक गेमचेंजर योजना है, जिसने बिल्कुल कमजोर और वंचित पिछड़ी जातियों को उनके पारंपरिक रोजगार में मदद की। अगर महाराष्ट्र की बात करें तो वहां राज्य सरकार ने करीब 20 उप निगम यानी सब कॉरपोरेशन बनाए, जिनके जरिए पिछड़ी जातियों के अंदर छोटी छोटी उपजातियों और समूहों की मदद करने का प्रयास किया गया। इसका फायदा यह हुआ कि इन उपजातियों और समूहों की अपनी अस्मिता सामने आई।

## आलेख

# बाइडन बहुत कमज़ोर राष्ट्रपति साबित हुए

श्रुति व्यास

जो बाइडन का राष्टपति के रूप में कार्यकाल अंत की ओर है। उन्हें जनवरी में व्हाइट हाउस छोडऩा है इसलिए उन्हे अपना सामान बांधना है तो अपनी विरासत को भी संवारना है। उन्होंने 44वें राष्टपति के रूप में जब पद संभाला था तब उन्हें उम्मीद थी कि वे ऐसी विरासत छोड़ जाएंगे जिसके चलते उन्हें फ्रैंकलिन डी रूज़वेल्ट (एफडीआर) के बाद अमेरिका के सबसे प्रगतिशील राष्टपति के रूप में याद किया जाएगा। लेकिन तकदीर को कुछ और मंज़ूर था। बाइडन बहुत कमज़ोर राष्ट्रपति साबित हुए है और वे कलह से भरी दुनिया छोड़े जा रहे हैं। कोई शक नहीं कि जो बाइडन का पद छोडऩा और डोनाल्ड ट्रंप का उनकी जगह लेना सत्ता के अन्य हस्तांतरणों की तुलना में बहुत डरावना है क्योंकि कई युद्ध जारी हैं। एक नयी जंग छिडऩे के आसार नजर आ रहे हैं। बाइडन प्रशासन अपने अंतिम दिनों में अधिक से अधिक काम निपटाने में जुटा हुआ है। उसे पर्दा गिरने से पहले बहुत कुछ करना है। पहला मसला है यूक्रेन का। बाइडन ने बहुत समय बर्बाद करने के बाद यूक्रेन को अमेरिका द्वारा दी गईं लंबी दूरी की मिसाइलों का इस्तेमाल करने की इजाजत दी है। वे पूरी कोशिश कर रहे हैं कि कांग्रेस ने यूक्रेन की सैन्य सहायता के लिए 6 अरब डालर की जो मंजूरी दी थी, उसकी बची हुई रकम उनके व्हाइट हाउस छोडऩे के पहले खर्च कर दी जाए। इस हृदय परिवर्तन का कारण शायद यह है कि रूस की मदद के लिए हजारों उत्तर कोरियाई सैनिकों को अग्रिम मोर्चे पर तैनात कर दिया गया है जिसे अमेरिका युद्ध के विस्तार के रूप में देख रहा है। पश्चिमी मिसाइलों का इस्तेमाल रूस के भीतरी इलाकों पर हमले के लिए करने की इजाजत यूक्रेन को देकर बाइडन ने न केवल उत्तर कोरिया को बल्कि पुतिन को भी सन्देश दिया है। हालांकि इस फैसले से अग्रिम मोर्चों पर यूक्रेन की कमजोर स्थिति में कोई नाटकीय बदलाव नहीं होगा, लेकिन इससे यूक्रेन का मनोबल बढ़ेगा और 20 जनवरी के बाद ट्रंप की पहल पर होने वाली संभावित वार्ताओं में उसका पक्ष मजबूत होगा। ऐसा बताया जाता है कि ट्रम्प ने पुतिन को फ़ोन कर कहा है कि वे युद्ध को और तेज न करें। मगर क्रेमलिन का कहना है कि ऐसा कोई फ़ोन नहीं आया। दूसरा मसला है पश्चिम एशिया में युद्ध का। गाजा में शुरू हुआ युद्ध लेबनान तक पहुंच गया है और अब शायद उसकी लपटें ईरान तक पहुँच जाएँ। इस मामले में एक और नया घटनाक्रम है। अंतर्राष्टीय अपराध न्यायालय ने बेंजामिन नेतन्याहू को गिरफ्तार करने की बात कही है। बाइडन ने इसे असहनीय बताकर अमेरिका के पाखण्ड को उजागर किया है। फिर युद्धविराम की बातें भी हो रही हैं। इजराइल की कैबिनेट ने कल रात एक बैठक में हिजबुल्ला के खिलाफ 14 महीनों से चल रहे युद्ध को विराम देने को मंजूरी दी है। पहले से लिखी जा चुकी पटकथा का यह बहुत खूबसूरत मंचन था। नेतन्याहू ने टेलीविजन् पर आकर अपने देश की जनता को समझौते के बारे में बताया। फिर जो बाइडन ने व्हाइट हाउस के रोज़ गार्डन में इसे एक %ऐतिहासिक मौका' बताया। अब ऐसी उम्मीद है कि युद्ध ख़त्म हो सकता है। अमेरीका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा, हमास का पहले दिन से ही प्रयास रहा है कि वह इस युद्ध में दूसरों को भी घसीट ले। अगर उसे लगेगा कि नए दस्ते लड़ाई के मैदान की ओर कूच नहीं कर रहे हैं तो हमास वह करेगा जो इस लड़ाई को ख़त्म करने के लिए ज़रूरी है। अमेरिका को अब उम्मीद है कि लेबनान के साथ हुए समझौते से गाजा में चल रही लड़ाई रुकेगी। जो हुआ उससे डोनाल्ड ट्रम्प खुश नहीं होंगे। उन्होंने अक्टूबर में लेबनानी-अमरीकी मतदाताओं से वायदा किया था कि वे उनकी मातृभूमि में लड़ाई बंद करवा देंगे। मगर बाइडन के शांति दूत बन जाने से वे यह श्रेय लेने से वंचित रह गए हैं। बाइडन अब केवल 55 दिनों तक राष्टपति रहेंगे। जाहिर है कि वे जल्दी में हैं। वे नेपथ्य की ओर खिसकते जा रहे हैं और मंच की स्पॉटलाइट अब उन पर नहीं है। उनका उत्तराधिकारी आने वाले दिनों को आकार देने में जुटा हुआ है। मगर इस सबके बावजूद ओवल ऑफिस में तो अभी वे ही बैठते हैं। उनके कार्यकाल का उपसंहार लिखा जाना बाकी है।

# आईएफएफआई दुनिया भर की विविध संस्कृति पर आधारित फिल्म शैली, फिल्म निर्माण के तरीकों का उत्सव, जिसमें भारत आकर्षण का केन्द्र बना रहा...

वाणी त्रिपाठी टिकू

भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, जिसे आईएफएफआई के नाम से जाना जाता है। इसका 55वां संस्करण 28 नवंबर, 2024 को संपन्न हुआ। इस बार के महोत्सव में दुनिया भर की विविध संस्कृतियों पर आधारित फिल्मों की शैली और फिल्म निर्माण के तरीकों का उत्सव मनाया गया, जिसमें भारत हमेशा की तरह आकर्षण का केंद्र बना रहा।इस वर्ष का आईएफएफआई न केवल व्यापक था, बल्कि खोजपूर्ण भी रहा। इसमें सिनेमा प्रेमियों के लिए कई नई और अभिनव प्रस्तुतियां थीं। भारत के प्रतिष्ठित फिल्म निर्माता शेखर कपूर ने इस बार महोत्सव निदेशक के रूप में अपनी भूमिका निभाई। इसके साथ ही वृहद संचालन समिति में फिल्म इंडस्ट्री के प्रतिष्ठित नाम, जैसे बॉबी बेदी, खुशबू सुंदर, प्रसून जोशी और जेरोम पिलार्ड, शामिल थे।गौरव की बात यह रही कि मैं भी संचालन समिति की एक सदस्य थी। यह महोत्सव सिनेमा की कला और संस्कृति के प्रति एक गहरी समझ विकसित करने के साथ-साथ भारत को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का एक अद्वितीय माध्यम बना। इस वर्ष फिल्म बाजार का 18वां आयोजन था। वर्तमान में यह दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा फिल्म बाजार है। इसमें फिल्म बाजार के विभिन्न क्षेत्रों में 350 से अधिक फिल्म परियोजनाएं प्रदर्शित की गईं। बाजार की टीम ने 'मार्चे डू कान्स' के पूर्व बाजार प्रमुख जेरोम पिलार्ड के मार्गदर्शन में अथक परिश्रम किया, जिन्होंने फिल्म बाजार के सलाहकार के रूप में कार्यभार संभाला है। फिल्म बाजार में बहुत से निर्माताओं ने भाग लिया। इसका उद्देश्य करियर के मध्य में स्तरीय सफलता वाले निर्माताओं के पास फिल्म को कैसे पेश किया जाए, उसका बजट कैसे बनाया जाए और उसे वैश्विक स्तर पर सफल कैसे बनाया जाए, इस बारे में सलाह देना था। इस साल का फिल्म बाजार अब तक का सबसे बड़ा बाजार था। बाजार में काफी हलचल थी, जिसमें लगभग 2000 प्रतिनिधि आए! ऑस्ट्रेलिया, भूटान, बेलारूस, हांगकांग, जापान, किर्गिस्तान, रूस, सऊदी अरब, स्पेन और यूनाइटेड किंगडम जैसे देशों ने इस आयोजन की व्यापक अंतरराष्ट्रीय अपील को प्रदर्शित किया। इन देशों ने अपनी अनूठी फिल्म निर्माण संस्कृतियों और दृष्टिकोणों के साथ, तेजी से विकसित हो रहे उद्योग में सीमा पार सहयोग के महत्व को चिन्हित किया। विविध देशों की भागीदारी ने फिल्म बाजार की भूमिका को एक अंतरराष्ट्रीय मंच के रूप में उजागर किया, जो न केवल संवाद की सुविधा प्रदान करता है, बल्कि फिल्म उद्योग के आदान-प्रदान को भी बढ़ावा देता है जो दुनिया भर में सिनेमा के विकास और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण हैं। चर्चाओं में फिल्म संबंधी नीति के विकास, फिल्मांकन प्रोत्साहन और फिल्म निर्माण के आर्थिक लाभ सहित कई विषयों पर चर्चा की गई, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि सभी प्रतिभागी यानी अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय दोनों, वैश्विक सिनेमा के भविष्य को आकार देने में योगदान दे सकें। इस वर्ष की सबसे बड़ी वैश्विक रिलीज में से एक बेटर मैन, इस महोत्सव की शुरुआती फिल्म थी। ऑस्ट्रेलियाई फिल्म निर्माता माइकल ग्रेसी द्वारा निर्देशित ब्रिटिश पॉप गायक रॉबी विलियम्स के बारे में सेमी-बायोग्राफिकल फिल्म 26 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। समापन फिल्म चेक निर्देशक बोहदान स्लैमा की 'ड्राई सीजन' थी, जो यूरोपीय फिल्मों में अपने अभिनव कार्यों और समाज में देखे जाने वाले शहरी सभ्यतागत संकटों पर अपने विचार के लिए जाने जाते हैं। सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड सिनेमा के प्रतिष्ठित मास्टर्स में से एक - फिलिप नोयस को दिया गया। ऑस्ट्रेलियाई फिल्म निर्देशक को बोन कलेक्टर, डेड कैलम, स्लिवर, रैबिट-प्रूफ फेंस जैसी फिल्मों के लिए वैश्विक स्तर पर जाना जाता है, साथ ही उनकी कई अन्य कृतियां भी हैं। फेस्टिवल आयोजकों के लिए यह सम्मान की बात थी कि फिलिप नोयस लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्राप्त करने के लिए व्यक्तिगत रूप से आए! अंतरराष्ट्रीय सिनेमा खंड बहुत ही जीवंत था, जिसमें 12 फिल्मों ने प्रतिष्ठित 'गोल्डन पीकॉक' के लिए प्रतिस्पर्धा की। 55वें आईएफएफआई में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का गोल्डन पीकॉक लिथुआनियाई फिल्म 'टॉक्सिक' को मिला, जिसके निर्देशक और पटकथा लेखक सॉले ब्ल्यूवाइट हैं। रोमानियाई निर्देशक बोगदान मुरेसानु को 'द न्यू ईयर दैट नेवर केम' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार मिला। क्लेमेंट फेव्यू ने फ्रांसीसी फिल्म 'होली काउ' में अपने सूक्ष्म और आकर्षक चित्रण के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (पुरुष) का पुरस्कार जीता। इस फ्रांसीसी फिल्म की निर्देशक लुईस कौरवोइसियर को उनकी पहली फिल्म के लिए विशेष जूरी पुरस्कार भी मिला। सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार वेस्टा माटुलिटे और इवा रुपेइकाइटे को 'टॉक्सिक' में उनकी भूमिकाओं के लिए संयुक्त रूप से दिया गया। अमेरिकी निर्देशक सारा फ्रीडलैंड को उनकी मार्मिक कथा 'फैमिलियर टच' के लिए सर्वश्रेष्ठ डेब्यू फीचर फिल्म का पुरस्कार दिया गया। इस वर्ष महोत्सव में ऑस्ट्रेलिया फोकस देश था। ऑस्ट्रेलियाई गुलदस्ते के भीतर, फिल्म बाजार में निर्माता गोलमेज बैठकें हुईं, जहां सह-निर्माण संधि पर चर्चा की गई। ऑस्ट्रेलिया सह-निर्माण संधि का नवीनतम हस्ताक्षरकर्ता है, जिसे 2023 में सफलता मिली। स्क्रीन ऑस्ट्रेलिया के समर्थन से ऑस्ट्रेलियाई टीम पूरी ताकत से मौजूद थी और इसका नेतृत्व दो अद्भुत महिलाओं - स्क्रीन ऑस्ट्रेलिया की मुख्य परिचालन अधिकारी ग्रेन ब्रंसडन और सीईओ डिएड्रे ब्रेनन ने किया। ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधियों ने पूरे उत्साह के साथ महोत्सव में भाग लिया और उनके कई निर्माता अपनी परियोजनाओं को पेश करने आए। इस साल 15 अंतरराष्ट्रीय प्रीमियर हुए, जो आईएफएफआई की शुरुआत के बाद से सबसे बड़ा है! 55वें आईएफएफआई में कई घरेलू प्रीमियर भी हुए, जिसमें लोकप्रिय सितारों की फिल्में शामिल थीं, जैसे मनोज बाजपेयी की 'डिस्पैच', बोमन ईरानी की 'मेहता बॉयज' आदि। भारत के प्रसिद्ध फिल्म निर्माता आशुतोष गोवारिकर की अध्यक्षता वाली अंतरराष्ट्रीय जूरी में जूरी सदस्यों के रूप में विश्व स्तर पर जानी-मानी फिल्मी हस्तियां शामिल थीं। ऑस्कर विजेता फिल्म संपादक जिल बिलकॉक जूरी सदस्य थीं, जिन्होंने स्ट्रिक्टली बॉलरूम (1992), रोमियो + जूलियट (1996), और मौलिन रूज (2002) जैसी बाज लुहरमन की फिल्मों और शेखर कपूर की फिल्मों का संपादन किया है। फ्रि कान फिल्म फेस्टिवल के विजेता एंथनी चेन भी थे। स्पेन से वैश्विक स्तर पर स्वतंत्र सिनेमा की नई आवाजों में से एक फ्रेन बोर्गिया और कई बाफ्टा पुरस्कारों की विजेता ब्रिटेन की फिल्म निर्माता एलिजाबेथ कार्लसन भी अंतरराष्ट्रीय जूरी सदस्यों में शामिल थीं। फिल्म फेस्टिवल का एक महत्वपूर्ण वर्टिकल मास्टरक्लास था, जिसे सिनेमा जगत के प्रमुख नामों ने संबोधित किया। फिलिप नॉयस, ऑस्ट्रेलियाई अकादमी पुरस्कार विजेता छायाकार जॉन सील- जो 'मैड मैक्सः फ्यूरी रोड', 'द इंग्लिश पेशेंट' के डीओपी थे, और एनीमेशन निर्देशक क्रिस किर्शबाम, जो एवेंजर्स के निर्माता इसके उदाहरण हैं। प्रख्यात एआर रहमान ने एक मास्टरक्लास को संबोधित किया और इस वर्ष लता मंगेशकर मेमोरियल लेक्चर भी दिया। रहमान द्वारा निर्मित एक संगीतमय वृत्तचित्र 'हेडहंटिंग टू बीटबॉक्सिंग' ने भी फिल्म फेस्टिवल में अपना एशिया प्रीमियर किया। विधु विनोद चोपड़ा ने अपनी फिल्म '12वीं फेल' पर बात की, जिसे ऑडियो विवरण और सांकेतिक भाषा व्याख्या के साथ प्रदर्शित किया गया था। अनुपम खेर ने मास्टरक्लास में 'पावर ऑफफेलियर' पर बात की। इस पर बोलने के लिए उनसे बेहतर कौन हो सकता है, क्योंकि उनके पास सिनेमा और थिएटर का दशकों का अनुभव है?विभिन्न सत्रों में अद्भुत पैनल चर्चाएं संपन्न हुईं। मैंने 'महिला सुरक्षा और सिनेमा' पर एक सत्र का संचालन किया, जिसमें प्रख्यात पैनलिस्ट इम्तियाज अली, सुहासिनी रानी रत्नम, भूमि पेडनेकर और खुशबू सुंदर ने भाग लिया। इस सत्र में फिल्मों में काम करने वाली महिलाओं के लिए सुरक्षित स्थानों के दायरे, फिल्मों में महिलाओं को वस्तु के रूप में पेश किए जाने की प्रवृत्ति पर चर्चा की गई, जो दुनिया भर में होती है, और यह भी कि आज सिनेमा में महिलाओं के लिए सशक्त भूमिकाएं एक नई सामान्य बात है। बॉबी बेदी द्वारा संचालित एक अन्य दिलचस्प सत्र में, प्रसिद्ध लेखक फारुख धोंडी, डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माता लूसी वॉकर, स्पेनिश निर्माता अन्ना सौरा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध अभिनेत्री तनिष्ठा चटर्जी और मैं ' स्टोरीज दैट ट्रैवल' यानी सीमाओं के बिना सिनेमा के बारे में बात करने के लिए एक साथ आए थे। ज्ञान श्रृंखला में, मध्य प्रदेश राज्य की टीम पूरी ताकत से आई। इसमें अभिनेता अभिषेक बनर्जी और निर्देशक अमर कौशिक द्वारा प्रतिनिधित्व की गई 'स्त्री 2' की टीमें और ऑस्कर नामांकित फिल्म 'लापता लेडीज' के युवा शामिल थे। उन्होंने बताया कि कैसे राज्य की फिल्म नीतियां युवा फिल्म निर्माताओं को मध्य प्रदेश में अपनी फिल्मों की शूटिंग करने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं। प्रसार भारती ने आईएफएफआई के उद्घाटन समारोह में अपने ओटीटी प्लेटफॉर्म 'वेव्स' को लॉन्च किया, जिसका उद्देश्य वैश्विक दर्शकों के लिए विविध भारतीय सामग्री लाना है। इस वर्ष का वीएफएक्स और टेक पैवेलियन, जिसे फिक्की द्वारा समर्थन दिया गया था, इस आयोजन का एक और केंद्र बिंदु था, जिसने अंतरराष्ट्रीय इंडस्ट्री के प्रमुख दिग्गजों को आकर्षित किया। यह मंडप फिल्म निर्माण को बदलने में प्रौद्योगिकी की भूमिका का एक प्रमाण था, जो अभूतपूर्व नवाचारों के माध्यम से सिनेमाई अनुभवों के भविष्य की एक झलक पेश करता था। नेटफ्लिक्स, सोनी और अन्य जैसे बाजार के दिग्गजों ने टेक मंडप में अपनी पेशकश और उत्पाद प्रस्तुत किए। इस उत्सव में विशेष जरूरतों वाले लोगों के लिए खास सुविधाएं थीं, जैसे उद्घाटन और समापन समारोह, प्रेस कॉन्फ्रेंस और सत्रों में सांकेतिक भाषा दुभाषिया। दृश्य और श्रवण दोष वाले लोगों के लिए '12वीं फेल' जैसी मुख्यधारा की फिल्में दिखाई गईं। कहने की आवश्यकता नहीं कि यह समय सिनेमा के आईएफएफआई द्वारा सृजित और भारत केंद्रित नए वैश्विक आख्यानों का जश्न मनाने का है! इसमें पायल कपाड़िया द्वारा कान्स में ग्रैंड प्रिक्स और पिछले साल ऑस्कर सहित भारत को मिले कई पुरस्कार शामिल हैं। हमें उम्मीद है कि अगले साल यह महोत्सव भारत के सिनेमा प्रेमियों और दुनिया भर के फिल्म निर्माताओं के लिए और भी अधिक जीवंत और उत्साहपूर्ण होगा।

**विवा ला सिनेमा!**

**(वाणी त्रिपाठी टिक्कू, अभिनेत्री, निर्माता, 55वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव की संचालन समिति की सदस्य)**

## पंचकल्याण गजरथ महोत्सव के लिए भव्य शोभायात्रा निकाली




**दमोह (विश्व परिवार)।** दमोह के शिवनगर में दिनांक 4 दिसंबर से 9 दिसंबर तक निर्यापक मुनि श्री अभय सागर जी महाराज के ससंघ मंगल सानिध्य में होने जा रहे पंचकल्याणक गजरथ महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ के आयोजन हेतु भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें आकर्षक सुंदर रथ में विराजमान श्रीजी के आगे आगे मुनि संघ अगवानी करते हुए जुलूस में शोभयमान हो रहे थे।

शोभायात्रा का नेतृत्व गजराज पर बैठे महोत्सव के सौधर्मेंद्र सुनील डुबुलिया एवं कुबेरइंद्र रिंकू खजरी हाथों में धर्म ध्वज लेकर कर रहे थे महोत्सव सभी महापात्राओं को बगी में बैठाया गया था जिसमें सोधर्मइंद्राणी एवं कुबेर इंद्राणी भी विराजमान थी सबसे आगे अष्टप्रतिहरों को दर्शाया गया था जिनके पीछे बड़ी संख्या में इंद्राणी अपने सिर पर मंगल कलश लेकर पीत वस्त्र में चल रही थी जुलूस के सबसे पीछे श्री जी के रथ के सामने मुनि संघ के आगे ललितपुर के अखाड़ा के बालकगण अपने कौशल और करतब को दिखा रहे थे जिनके पीछे बड़ी संख्या में समाज के प्रतिष्ठितजन जयकारों के नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे जुलूस नन्हे मंदिर जैन धर्मशाला से प्रारंभ होकर घंटाघर कीर्ति स्तंभ होता हुआ कलेक्ट चौराहा पहुंचा जहां से शिवनगर के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु गन पहुंचे मुनि संघ को मुख्य पंडाल के सामने मंच पर विराजमान किया गया जहां पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ ध्वजारोहण करने का सौभाग्य राकेश नायक गौरव नायक परिवार को प्राप्त हुआ ध्वजारोहण मंत्र उच्चारण के साथ प्रतिष्ठाचार्य के द्वारा संपन्न कराया गया ध्वजारोहण के साथ ही पंचकल्याणक महोत्सव धूमधाम से प्रारंभ हो गया घट यात्रा के द्वारा शुद्ध जल के माध्यम से पूरे पंडाल की शुद्धि की गई अब प्रातः काल से पंचकल्याणक की पूजन आदि प्रतिष्ठाचार्य के द्वारा संपन्न कराए जाएंगे प्रातः 9:00 बजे मुनिश्री के मंगल प्रवचन होंगे दोपहर में अनेक कार्यक्रम रखे गए हैं रात्रि में महा आरती होगी एवं विद्वानों के प्रवचन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न होंगे महोत्सव 9 दिसंबर तक चलेगा बाहर से पधारे अतिथियों के लिए आवास एवं भोजन की समुचित व्यवस्था समिति के द्वारा की गई है आयोजन समिति की विभिन्न कार्यकर्ता सक्रियता से महोत्सव को सफल बनाने के लिए परिश्रम कर रहे हैं महोत्सव समिति के संयोजक महेश दिगंबर एवं सहसंयोजक रिशु सिंघई अपनी आयोजन समिति को महोत्सव को सफल बनाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं।

**आज के समय में धार्मिकता के संस्कार कमजोर पड़ रहे हैं :** आज के समय में धार्मिकता के संस्कार कमजोर पड़ रहे हैं धार्मिकता कम हो रही है दिखावा बढ़ रहा है। साधु सदैव शास्त्रों का सहारा लेकर ही शिक्षा देते हैं पंचकल्याणक में पाषाण से परमात्मा बनने की प्रक्रिया दर्शाई जाती है पंचकल्याणक हमें परायापन समाप्त कर अपनापन समाज में जागृत करता है पंचकल्याणक संसार से मुक्ति का मार्ग बता कर मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करता है।

**-अभिषेक जैन लुहाड़िया**

## गर्भपात जैसा कुकृत्य एक जघन्य पाप : मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज

**इंदौर (विश्व परिवार)।** गर्भपात जैसा कुकृत्य आजकल आम होता जा रहा है, कहा तो हम गर्भकल्याणक मनाने की बात कर रहे है, वहीं गर्भपात जैसी क्रूर क्रियायें हो रही है यह कोई आपरेशन नहीं है, बल्कि एक जघन्य पाप है जीवित इंसान की हत्या है, यह हत्या तुम्हारे वंश की तुम्हारे मातृत्व की हत्या है तुम्हारे ही खून का खून है धर्म के क्षेत्र में आप धार्मिक क्रियायें न भी करो तो कोई बात नहीं लेकिन इस प्रकार के अधर्म करने से बचो। उपरोक्त उद्‌गार मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज ने गर्भकल्याणक उत्तरार्ध के दिवस प्रातःप्रवचन सभा में व्यक्त किये।





मुनि श्री ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं तथा लाईव सुन रहे संपूर्ण भारत के श्रद्धालुओं कोआशीर्वाद देते हुये गर्भपात न कराने संकल्प कराया उन्होंने एक मां की बेदना को सुनाते हुये कहा कि जिस बच्चे को आप अपने पेट में मारने जा रहे हो यह एक ऐसा कुकृत्य है जो आपको भविष्य में मां बनने से ही बंचित कर सकता है, मुनि श्री ने कहा कि यदि आपको संतान ही नहीं चाहिए थी तो बीज क्यों बोया? और यदि बोया है तो खुशी खुशी उस जीव को स्वीकार करो। यदि आपने भ्रूणहत्या या गर्भपात जैसा कोई भी कुकृत्य किया तो वह आपको कंही का भी नहीं छोड़ेगा उन्होंने कहा कि गोद की संतान को तो प्रेम करते हो जरा सी खरोच भी लग जाए तो दुनिया सिर पर उठा लेते हो और कोख में पलने बाले की हत्या? यह एक जघन्य अपराध है, जिन्होंने अपने जीवन में कभी भी गर्भपात कराया हो या इस पाप में सहभागिता दी हो वह आज के दिन अपने गुरु के सामने जाकर प्रायश्चित कर लैना सच्चे अर्थों में वह लोग न तो भगवान का अभिषेक करने के अधिकारी है और न ही मुनि महाराज को आहार के दैने योग्य है, उनको अधर्म का फल तो मिलना ही है, इसलिये आज से ही संकल्प ले लैना कि ऐसे कुकृत्य न तो करेंगे और न ही इसकी अनुमोदना करेंगे। उन्होंने कहा किहम सभी को अपने जीवन का लक्ष्य परिपूर्ण बनाने के लिये होंना चाहिये मेरे जीवन का उद्धार मुझे खुद करना है कोई दूसरा करने बाला नहीं यह ललक होंना चाहिए। उन्होंने कहा कि धर्म को प्राथमिकता बना लोगे धर्म अपने आप आपके जीवन में उतरने लगेगा, और यदि हिंसा और पाप में रत रहोगे तो आपके जीवन में धर्म कंहा से आऐगा?

मुनि श्री निर्वेगसागर महाराज ने कहा किसी के कहने से हमारा कल्याण नहीं हो सकता जैसे आईना को देखकर हम अपने दाग मिटाते है ऐसे ही तीर्थंकर भगवान की प्रतिमा को देखकर हमें अंदर की कलुषता को मिटाना होगा भगवान तो एक निमित्त मात्र है हमें अपने कल्याण का मार्ग स्वं प्रथस्त करना होगा इस अवसर पर मुनि श्री संधान सागर महाराज एवं सभी क्षुल्लक मंचासीन रहे। पंचकल्याणक महोत्सव के संयोजक हर्ष जैन प्रचार प्रमुख एवं प्रवक्ता अविनाश जैन मीडिया प्रभारी राहुल जैन ने उपरोक्त जानकारी देते हुये बताया प्रातःकाल गर्भकल्याणक की पूजा संपन्न हुई एवं माता की गोदभराई का कार्यक्रम संपन्न हुआ 4 दिसंम्वर वुद्धबार को भगवान का जन्मकल्याणक महा महोत्सव मनाया जाऐगा इस हेतु उदयनगर जैन मंदिर में पांडुक शिला बनाई गयी है यंहा प्रातः10:30 बजे जन्माभिषेक होगा धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष अशोक रानी डोसी, नवीन आनंद गोधा, मुकेश विजय पाटोदी सहित उदयनगर जैन मंदिर के सभी पदाधिकारिओं ने सभी वंधुओ से निवेदन किया है कि समय पर अनुष्ठान में पधार कर धर्म लाभ लें। **-अविनाश जैन**

## अर्हं योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर जी महाराज ससंघ का आज अतिशय क्षेत्र पदमपुरा में होगा भव्य मंगल प्रवेश

### मंदिर दर्शन के बाद धर्म सभा का होगा आयोजन



**जयपुर/पदमपुरा (विश्व परिवार)।** संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य अर्हं ध्यान योग प्रणेता मुनि 108 प्रणम्य सागर महाराज का श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पदमपुरा में ससंघ का बुधवार दिनाँक 4 दिसम्बर 2024 को प्रातः भव्य मंगल प्रवेश होगा।इस मौके पर बड़ी संख्या में जैन बन्धु शामिल होंगे।

कमेटी अध्यक्ष एडवोकेट सुधीर जैन एवं मानद् मंत्री एडवोकेट हेमंत सोगानी ने बताया कि मुनि श्री का मंगल प्रवेश जुलूस पदमपुरा रोड पर पदम ज्योति नैत्र चिकित्सालय से रवाना होगा। जहां से रवाना होकर प्रातः 9 बजे मंदिर जी में भव्य मंगल प्रवेश होगा। इस मौके पर क्षेत्र कमेटी मुनि श्री के पाद पक्षालन एवं मंगल आरती कर भव्य अगवानी करेगी। मंदिर दर्शन के बाद धर्म सभा का आयोजन किया जाएगा।

प्रचार प्रभारी विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि इससे पूर्व मंगलवार 3 दिसम्बर को श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर से रवाना होकर मुनि संघ बीलवा पहुंचेगा जहां रात्रि विश्राम होगा। मुनि संघ का बुधवार 4 दिसम्बर को प्रातः बीलवा से मंगल विहार कर शिवदासपुरा होते हुए पदमपुरा रोड पर गुलाब कौशल्या चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित पदम ज्योति नैत्र चिकित्सालय पहुंचेंगा। जहा पर गुलाब कौशल्या चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंध ट्रस्टी नरेश मेहता एवं अतिशय क्षेत्र कमेटी तथा समाज बन्धुओं द्वारा भव्य अगवानी की जाएगी। **-विनोद जैन**

## मुनि श्री नीरज सागर एवं मुनि श्री निर्मद सागर जी महाराज का आरके पुरम त्रिकाल चौबीसी मंदिर में हुआ मंगल आगमन

### पलक पावड़े बिछाए श्रद्धालुओं ने

**कोटा (विश्व परिवार)।** आर.के. पुरम स्थित श्री 1008 दिगंबर जैन त्रिकाल जोशी मंदिर में आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज के आज्ञानुवृति शिष्य, आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के आशीर्वाद से पूज्य मुनि श्री नीरज सागर एवं पूज्य मुनि श्री निर्मद सागर जी महाराज का भव्यआगमन हुआ।रास्ते में जगह जगह गुरुवर का भव्य पाद प्रक्षालन एवं आरती की गई।

मंदिर समिति के अध्यक्ष अंकित जैन महामंत्री अनुज गोधा कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने बताया कि सुबह प्रथमाभिषेक के बाद विश्व में शांति की मंगल भावना से शांति धारा की गई। इसके बाद मंगल दीप प्रज्वलन सकल दिंगबर जैन समाज समिति के अध्यक्ष विमल जैन नान्ता हरक चंद गोधा लोकेश जैन मनोज जैन आदिनाथ द्वारा किया गया। उसके बाद शास्त्र भेट किया गया। मंदिर समिति के प्रसार प्रसार मंत्री पारस जैन पार्श्वमणि और कार्याध्यक्ष प्रकाश जैन ने बताया कि उसके बाद आचार्य श्री विद्या सागर महाराज की पूजन बड़े ही भक्ति भाव के साथ झूमते हुवे संगीत की स्वर लहरियो के बीज अलग अलग मंडलों ग्रुपों द्वारा की गई।



परमपूज्य मुनि निर्मद सागर जी महाराज ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जिंदगी में यह हुनर भी आजमाना चाहिए जंग अगर अपनों से हो तो हार भी जाना चाहिए।

जीवन में सदैव अपने विचार और परिणामों को निर्मल बनाए रखें समर्पण में जीता नहीं जाता समर्पण में हार भी जीत होती है। एक कुम्हार की विचारधारा से धरती पर पड़ी मिट्टी भी घड़े का आकार ले लेती है यह सब विचारों का खेल है। मिट्टी का समर्पण भी है। जीवन में प्रति क्षण अपने परिणामों को देखना होगा परिणामों की विशुद्धि प्रतिफल बनी रहे निर्मल रहे। हजार बूंद नीबू की हो तो वो चीटियों को आकर्षित नहीं कर सकती शहद एक बूंद हो तो वह आकर्षित कर देती है। जीवन में जब भी तुम्हे कोई गाली दे तो तुम उसको स्वीकार मत करो। वो गाली देने वाले पर ही लौट कर आएगी। अकड़ में कोई मात्रा नहीं होती परंतु थोड़ी-थोड़ी मात्रा में हम सब ने हुआ करती है। इसके बाद परम पूज्य मुनि नीरज सागर जी महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि धर्म क्षेत्र में रणनीति व राजनीति नहीं आनी चाहिए वरना पतन का कारण बन जाएगा राजनीति में धर्म नीति आती है तो यह सर्वश्रेष्ठ है। धर्म क्षेत्र मंदिर में जन्मों-जन्मों के पापों के परिमार्जन के लिए पापों से मुक्ति के लिए जाया जाता है। वहीं यदि पाप का बंध कर लिया तो वो पाप बंध कहा छूटेगा। ऐसा पाप व्रज लेप के समान हो जाता है युवा का उल्टा वायु होता है। पर से दूर हो स्व की ओर चलना बढ़ना चाहिए। जीवन में सदैव आगम को आधार मान कर चले। जिसके जीवन में ज्ञान चक्षु जागृत हो जाते है वो व्यक्ति पूर्वाग्रह को छोड़ देता है। अपनी दृष्टि को व्यापक बनाए संकुचित नहीं। भावों में पवित्रता हो कषायो की मंदता हो पर से स्व की ओर की यात्रा हो तो जीवन सफल हो जावे।

धर्म सभा में सकल दिंगबर जैन समाज के अध्यक्ष विमल जैन नान्ता महामंत्री विनोद जैन टोरडी मनोज जयसवाल प्रकाश जैन पदम जैन अशोक पाटनी अशोक जैन विनय जैन प्रेम चंद सोगानी राजेश जैन लोकेश जैन राजकुमार वेद रोहित जैन सुरेंद्र जैन भाग चंद जैन अंशुल जैन विमल जैन जितेंद्र जैन दीपक जैन अक्षय जैन महावीर जैन लोकेश जैन पंकज जैन रूप चन्द जैन हरक चंद गोधा मुकेश जैन पापड़ीवाल इत्यादि लोग उपस्थित थे। **-पारस जैन पार्श्वमणि**

## खेल मनोरंजन के साथ छात्रों के सर्वांगीण विकास में हैं सहायक : प्राचार्या नूतन एक्का

**होलीक्रॉस इंग्लिश मीडियम स्कूल, घोलेंग में वार्षिक खेल दिवस का भव्य आयोजन**

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों की दिखी झलक



**जशपुर नगर (विश्व परिवार)।** होलीक्रॉस इंग्लिश मीडियम स्कूल, घोलेंग में वार्षिक खेल दिवस बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक विनय भगत विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष श्रीमती कल्पना लकड़ा उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि विनय भगत ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं, जो न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि आत्मविश्वास और अनुशासन भी सिखाते हैं। उन्होंने छात्रों को जीवन में खेलों के महत्व को समझने और उसमें उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

विशिष्ट अतिथि श्रीमती कल्पना लकड़ा ने अपने संबोधन में बच्चों के उत्साह और प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों को इस सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

स्कूल बैंड के साथ हुआ अतिथियों का स्वागत- कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल बैंड द्वारा मुख्य अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। इस आकर्षक प्रदर्शन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद स्कूली बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों की झलक देखने को मिली। यह प्रस्तुति सभी उपस्थित जनों को भारतीय संस्कृति की विविधता और समृद्धि का अनुभव कराने में सफल रही।

कार्यक्रम के समापन पर स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर नूतन एक्का ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों और छात्रों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन सभी के सहयोग और मेहनत का परिणाम है। उन्होंने बच्चों को खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल मनोरंजन का माध्यम हैं, बल्कि यह छात्रों के सर्वांगीण विकास में भी सहायक होते हैं। खेलों ने दर्शकों को किया आनंदित- खेल स्पर्धाओं में छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया। पोटैटो रेस, ब्रिक रेस, झंडा रेस और बैलेंस रेस जैसी रोचक और रोमांचक प्रतियोगिताओं ने दर्शकों को खूब आनंदित किया।

## राष्ट्र समाज के प्रति समर्पित होकर अपने व्यक्तित्व का निर्माण करें : प्राचार्य खुरियस टोपो

### एनएसएस का सात दिवसीय शिविर बासुदेवपुर में आयोजित, सरपंच मीना नाग ने किया शिविर का शुभारंभ




**जशपुर (विश्व परिवार)।** प्राथमिक शाला बासुदेवपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया।शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चराईडांड के राष्ट्र सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन प्राथमिक शाला बासुदेवपुर में कार्यक्रम अधिकारी अशोक सिंह के नेतृत्व में किया गया जिसमें उद्घाटन सत्र 28 नवंबर को ग्राम पंचायत के सरपंच मीना नाग के द्वारा स्वामी विवेकानंद मां सरस्वती छत्तीसगढ़ महतारी के सेल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर शिवम ग्रुप के कुमारी राजनंदनी पूजा बाई पूनम चौहान रवीना बाई शबनम रोहित यादव अमित के द्वारा स्वागत गीत से अतिथियों का सम्मान किया गया .संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता विनोद कुमार वैध ने अपने स्वागत उद्बोधन में अतिथियों का स्वयंसेवकों का अभिनंदन स्वागत करते हुए कहा कि समाज सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों का विकास राष्ट्र सेवा योजना का उद्देश्य है लोगों के साथ मिलकर कार्य करना स्वयं को सृजनात्मक और रचनात्मक सामाजिक कार्यों में प्रवृत्ति करना तथा स्वयं तथा समुदाय की ज्ञान वृद्धि करना शिक्षित और अशिक्षित को बीच की दूरी को मिटाना ही स्वयंसेवकों का परम उद्देश्य .मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती मीना नाग ने अपने शब्दों में कहा कि सभी प्रकार की शिक्षा और अभ्यास का उद्देश्य मनुष्य का निर्माण ही होता है सारे प्रशिक्षण शिविर में मनुष्य का विकास करना होता है जो अभ्यास से मनुष्य की इच्छा शक्ति का प्रवाह और प्रकाश संचालित होकर बनता है।

राष्ट्र सेवा के लिए स्वयं सेवक तत्पर- कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चराईडांड के प्राचार्य खुरियस टोपो ने अतिथियों एवं एनएसएस के सभी टीमों को एवं ग्रामीण जनों को संबोधन करते हुए कहा कि राष्ट्र सेवा योजना का सिद्धांत वाक्य प्रत्यय वचन है स्वयं से पहले आप यह सिद्धांत वाक्य प्रजातांत्रिक ढंग से रहने को बताता है निस्वार्थ सेवा की आवश्यकता का समर्थन करता हैयह बताता है कि हम दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण को सराहना करने वाले बने राष्ट्र का निर्माण के लिए आप जैसे स्वयंसेवकों की आवश्यकता है। इस शिविर में राष्ट्र के प्रति समाज के प्रति समर्पण होकर अपने व्यक्तित्व का निर्माण करें।

## पंडरिया विधानसभा के विकास एवं सेवा का परम सौभग्य देने के लिए आप सभी मेरे परिवारजनों को मैं प्रणाम करती हूँ : भावना बोहरा

### एक वर्ष पूर्ण होने एवं जनादेश दिवस पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने जताया जनता के प्रति आभार



**पंडरिया (विश्व परिवार)।** 3 दिसंबर 2023 को (यानि आज) छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी ने पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में किये बहुत से वादों को पूरा किया है और आज एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा जनादेश दिवस के रूप में मना रही है। इस दौरान पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने भी भाजपा सरकार और पंडरिया विधानसभा में विगत एक वर्ष में हुए विकास कार्यों और उपलब्धियों को गिनाया और कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार विकास एवं जन कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि आज का दिन पूरे छत्तीसगढ़ की जनता के लिए एक विशेष और ख़ास दिन है। जनता ने अपने जनादेश के साथ 3 दिसंबर 2023 को भारतीय जनता पार्टी और माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी पर विश्वास जताते हुए भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाकर प्रदेश में सुशासन की स्थापना की। मैं पंडरिया विधानसभा के मेरे परिवारजनों को भी प्रणाम करती हूँ और उनका हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ उन्होंने मुझे अपनी सेवा एवं क्षेत्र का विकास करने का परम सौभाग्य मुझे दिया। मैं उनके इस विश्वास एवं अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहूंगी। एक परिवार की भांति जो मुझे उनका मार्गदर्शन, सहयोग व स्नेह मिलता है वह मेरे लिए बहुमूल्य है। मैं उनके हर सुख दु:ख में साथ निभा सकूँ और क्षेत्र की जनता ने जो मुझे जिम्मेदारी दी है उसे पूरा कर सकूँ इसके लिए मैं पूरी निष्ठा व समर्पण से कार्य करती रहूंगी।

छत्तीसगढ़ की देवतुल्य जनता ने आज ही के दिन कांग्रेस के 5 वर्षों के कुशासन पर प्रहार कर भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति एवं विकास के विजन को आत्मसात किया। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रदेश की जनता को विकसित छत्तीसगढ़ की गारंटी प्रदान की थी, जिस पर जनता ने पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत से विजयी बनाया। साथ ही सभी समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, एकनिष्ठता एवं संघर्ष ने भाजपा को पुनः जनसेवा का अवसर प्रदान कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

भावना दीदी की गारंटी में हमने पंडरिया विधानसभा के विकास एवं जन भावनाओं के सम्मान हेतु संकल्प किये थे आज वह भी धरातल पर पूरे हो रहें हैं।

## बुजुर्ग आदिवासी दंपति को अब तक नहीं मिला आवास योजना का लाभ, झोपड़ी में गुजर बसर करने को मजबूर



**नवापारा राजिम (विश्व परिवार)।** सूबे में डबल इंजन भाजपा की सरकार और प्रदेश का मुखिया आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार होने के बाद भी आदिवासियों को सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाना बड़े दुर्भाग्य का बात है वहीं एक ओर सरकार द्वारा आदिवासियों के लिए विभिन्न योजनाएं चलाकर आदिवासियों को मुख्य धारा में शामिल करने की बात कही जाती है। वहीं दूसरी ओर समाज के लोगों को इन योजनाओ से वंचित किया जा रहा है। जिससे अब भी वह कच्चे व झोपड़ी नुमा मकानों में अपना जीवन यापन, गुजर बसर कर रहे हैं। इसके बाद भी जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों व अफसरों द्वारा उनकी ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आपको बता दें कि नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा के वार्ड क्रमांक 2 खोली पारा में आदिवासी बुजुर्ग दंपति गीता बाई ध्रुव उम्र 60 वर्ष जो कि अपने पति के साथ ही झोपड़ी में रह रही हैं। गीता बाई की बेटिया हैं जिनका विवाह हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना जो कि गरीब तबके के लोगों को इसका लाभ मिले इस उद्देश्य को लेकर योजना शुरू की गई थी किंतु बड़ी विडंबना है कि इस योजना का लाभ नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा की गीता बाई ध्रुव जो की विगत कई वर्षों से वार्ड नंबर 2 में रह रही हैं उन्हें आवास योजना का लाभ अभी तक नहीं मिल पाया है। इस संबंध में उन्होंने बताया की पक्का घर नहीं होने से बारिश के दिनों में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है जब से आवास योजना आया है तब से आवास के लिए आवेदन 3 से 4 बार भरने के बाद भी उनका नाम नहीं आया है। आवास के लिए मैंने एक बार फिर से और फार्म भरा है।

वहीं आवास योजना में शासन के द्वारा बनाए गए नए नए नियमो में विभिन्न प्रकार के दस्तावेजों के लिए सरकारी कार्यालयों का चक्कर काट रहें है सरकार की मंशा क्या है? यह समझ से परे है। जिम्मेदार जनप्रतिनिधि वोट मांगने घर घर जाकर वोट तो जरूर ऐसे गरीब लोगों से बटोर लेते हैं किंतु इनकी स्थिति परिस्थितियों को नजर अंदाज कर देते हैं इससे उन पर भी सवालिया निशान खड़ा होता है। विगत वर्षों में पहले विधानसभा चुनाव फिर लोकसभा के पश्चात अब नगरीय निकाय चुनाव होने हैं। चुनाव पर चुनाव हो रहे हैं वहीं आदिवासी दंपति का आवास का सपना पूरा कब होंगा? यह एक यक्ष प्रश्न बनकर खड़ा है। इस मामले को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप मिश्रा ने कहा कि मिडिया के माध्यम से गीता बाई ध्रुव के बारे में जानकारी प्राप्त हुई है और अभी प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का कार्य प्रगति पर है और मैं इसे तत्काल चेक करवाता हूं और पात्र होंगी तो निश्चित रूप से आवास का लाभ दिया जाएगा।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर बुधवार 04 नवंबर 2024



## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिग से छेड़खानी करना वाला गिरफ्तार

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि आरोपी के द्वारा नाबालिग प्रार्थीया/पीडिता को लगातार परेशान करता था जो दिनांक 06.05.24 को सुबह करीबन 09:30 बजे गुलशन वर्मा पिता रोहित वर्मा निवासी बरबसपुर प्रार्थीया के घर चला गया जहां उसके माता पिता काम पर गये थे घर पर कोई नहीं था तब गुलशन के द्वारा नाबालिग प्रार्थीया को गंदा काम करने के लिए प्रेरित करने लगा तब मना करने पर भी नहीं मान रहा था गुलशन वर्मा जबरदस्ती प्रार्थीया के हाथ बांह व सीना को पकड़ा था । उसके बाद भी आरोपी गुलशन लगातार उसको को मानसिक तनाव देता था व कालेज आने पर क्लास में बैठने नही देता था और कालेज से बाहर में निकलने के लिए मजबूर करता था । लगातार आरोपी गुलशन वर्मा के द्वारा अलग अलग नंबरों से मेरे मोबाईल नंबर 9691439801 में संपर्क कर प्रार्थीया को परेशान करता है कि लिखित आवेदन पत्र पर आरोपी के विरूद्ध थाना घुमका के द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। प्रकरण महिला संबंधित होने से उक्त घटना क्रम की सूचना वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई जिस पर प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय, मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय राहुल देव शर्मा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया के निर्देशन में थाना प्रभारी घुमका निरीक्षक बसंत कुमार बघेल के नेतृत्व में तत्काल घुमका पुलिस के द्वारा आरोपी को ग्राम बरबसपुर से आज दिनांक 02/12/2024 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय राजनांदगांव के समक्ष रिमाण्ड हेतु पेश किया गया है । उक्त कार्यवाही में थाना घुमका से थाना प्रभारी निरीक्षक बसंत कुमार बघेल, सउनि कोदूराम नागवंशी, नंदनी ठाकुर, आर0 चन्द्रप्रकाश साहू, गोवर्धन कंवर, हिरेन्द्र देशमुख महिला आरक्षक पूजा रहेकवार की भूमिका सराहनीय रही।

### स्कूटी में शराब तस्करी करता एक गिरफ्तार

**भाटापारा(विश्व परिवार)।** अभियान विश्वास के तहत थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 01.12.2024 को थाना भाटापारा शहर की पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर स्कूटी वाहन के माध्यम से बिक्री करने के लिए अवैध रूप से शराब ले जाते हुए 01 शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से ?3520 कीमत मूल्य का 32 पाव देशी मसाला शराब, अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त एक्टिवा स्कूटी वाहन जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना भाटापारा शहर में अपराध क्र. 538/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी- विशाल बंजारे उम्र 21 साल निवासी मेहता नगर भाटापारा थाना भाटापारा शहर।

### प्रसवपीड़ा से बेहाल महिला को अस्पताल पहुंचाने वाले पुलिसकर्मी सम्मानित

**बलौदाबाजार(विश्व परिवार)।** प्रसव पीड़ा से बेहाल एक महिला को तत्काल अस्पताल पहुंचाने वाले प्रधान आरक्षक मन्नू लाल ध्रुव, आरक्षक अकरम खान, आरक्षक तुलेश्वर डडसेना एवं आरक्षक मोहन जांगड़े को सम्मानित किया गया है। लगभग एक माह पहले ग्राम बलौदी थाना पलारी निवासी प्रसव पीड़ा से व्याकुल एक महिला को उचित इलाज हेतु बलौदाबाजार अपने परिवार सहित एक बोलेरो वाहन में लाया जा रहा थे। कि इसी बीच ग्राम सकरी के पास उक्त बोलेरो वाहन का एक्सीडेंट हो गया। इस समय प्रसव पीड़िता महिला को तत्काल अस्पताल पहुंचाया जाना अत्यंत आवश्यक था। इस दौरान थाना सिटी कोतवाली को उक्त एक्सीडेंट की सूचना मिली। तत्पश्चात थाना सिटी कोतवाली पेट्रोलिंग टीम स्टाफ प्रधान आरक्षक मन्नू लाल ध्रुव, आरक्षक अकरम खान, आरक्षक तुलेश्वर डडसेना एवं आरक्षक मोहन जांगडे तत्काल पेट्रोलिंग वाहन के साथ घटनास्थल पहुंचे। घटनास्थल में बोलेरो वाहन का एक्सीडेंट हुआ था, जो की चलने लायक बिल्कुल नहीं था। तत्पश्चात पुलिस स्टाफ द्वारा बिना समय गंवाए पेट्रोलिंग वाहन में प्रसव पीड़िता एवं उनके परिवार के सदस्यों को बैठाकर तत्काल जिला अस्पताल बलौदाबाजार लाया गया, जहां प्रसव पीड़िता का इलाज प्रारंभ किया गया तथा दूसरे दिन प्रसव पीडिता द्वारा एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया गया। अस्पताल में मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। पूरी तत्परता के साथ, प्रसव पीड़िता महिला एवं उसके परिवार की मदद कर उन्हें अस्पताल पहुंचाने के इस परोपकारी कार्य की सराहना एवं प्रशंसा करते हुए आज दिनांक 02.12.2024 को सायं पुलिस अधीक्षक द्वारा इन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## जिला सीईओ ने ग्राम फुलबगड़ी एवं बड़ेसेट्टी में विभिन्न संस्थानों सहित योजनाओं का किया निरीक्षण

**सुकमा(विश्व परिवार)।** जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन ने रविवार को सुकमा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम फुलबगड़ी और बड़ेसेट्टी का दौरा कर विभिन्न संस्थानों का दौरा किया और विभिन्न योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने उप स्वास्थ्य केंद्रों और छात्रावास की व्यवस्थाओं के साथ-साथ स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामुदायिक शौचालय में आवश्यकता को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरे में डिप्टी कलेक्टर व एसडीएम सुश्री मधु तेता सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। ग्राम फुलबगड़ी स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान श्रीमती जैन ने स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता



की समीक्षा की। उन्होंने चिकित्सा स्टाफ की उपस्थिति, दवाइयों की उपलब्धता, साफ-सफाई और मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में कमियों को दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही ग्राम बड़ेसेट्टी स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति का जायजा लेते हुए श्रीमती जैन ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने स्टाफ की कमी और उपकरणों की आवश्यकता पर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। ग्राम बड़ेसेट्टी में स्थित 50 सीटर बालक छात्रावास का निरीक्षण करते हुए श्रीमती जैन ने छात्रावास में रह रहे बच्चों से रूबरू होकर संवाद स्थापित किया। उन्होंने छात्रों से उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की। इसके अलावा, भोजन, पेयजल, बिजली और साफ़-सफाई की व्यवस्थाओं की भी जांच की। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने और बच्चों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश दिए। ग्राम बड़ेसेट्टी में निरीक्षण के दौरान श्रीमती जैन ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छता अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने पर बल दिया और ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए।

## महिलाओं के विरूद्ध हिंसा उन्मूलन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**रायगढ़(विश्व परिवार)।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत महिलाओं के विरूद्ध हिंसा उन्मूलन का अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर 10 दिसम्बर तक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत आज दिल्ली पब्लिक स्कूल रायगढ़ में बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग होने के लिए कानूनी जानकारी में घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर लैगिंक उत्पीडन् (सी बाक्स में शिकायत), मानव तस्करी, बाल विवाह, साईबर अपराध, महिला हेल्प लाईन, सखी वन स्टॉप सेंटर आदि के विषय में जानकारी देते हुए स्वयं के प्रति समझदारी व जिम्मेदारी के साथ जागरूक होने के लिए विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग से श्रीमती चैताली राय, महिला संरक्षण अधिकारी, श्रीमती विनिता गुप्ता केन्द्र प्रशासक, श्रीमती सरिता श्रीवास्तव जेण्डर विशेषज्ञ एवं चन्द्रकला वर्मा, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वयक उपस्थित रहे।

## शासन की जन हितैषी योजना बना दिव्यांग शत्रुघ्न के परिवार के बेहतर जीवन का आधार

**लोक हितैषी योजनाएं बन रही है आम जनता के जीवन के बदलाव का आधार**

**शत्रुघ्न एवं उनके परिवार ने जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होकर जताया शासन-प्रशासन के प्रति विनम्र आभार**

**बालोद(विश्व परिवार)।** केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं समाज के जरूरतमंद लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाकर उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सुखमय जीवन का आधार बन गया है। उल्लेखनीय है कि आमजनों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने तथा उनके बेहतर भविष्य के निर्माण हेतु शासन द्वारा विभिन्न जन हितैषी योजनाएं संचालित की जा रही है। बालोद जिले में इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के फलस्वरूप शासन की विभिन्न लोक हितैषी योजनाएं आम जनता के जीवन के बदलाव का आधार बन रही है। ऐसा ही एक बदलाव बालोद जिले के ग्राम लोंडी में रहने वाले दिव्यांग शत्रुघ्न के परिवार में भी आया है। लगभग 55 वर्ष उम्र के दिव्यांग शत्रुघ्न ने बताया कि दिव्यांगता की वजह से उसे काम करने और रोजी-रोटी में काफी समस्या रहती थी। कच्चा मकान और घर में किसी प्रकार की सुविधा न होने से उनका परिवार कई प्रकार की समस्याओं से घिरा हुआ था। शत्रुघ्न ने बताया कि शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उन्हें एवं उनके परिवार को मिला है, जिससे उनका कभी न देखा हुआ सपना भी पूरा हुआ है। उसने बताया कि उनका परिवार पहले कच्चे जर्जर आवास में रहता था। जहाँ बारिश के पहले खपरैल युक्त छत का मरम्मत कराने में भी वह असमर्थ था। ऐसे समय में उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का आवास की स्वीकृति मिली और अब वे अपने नये पक्के आवास में खुशी-खुशी निवासरत है। उसने बताया कि आवास के साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के तहत उनके घर में शौचालय का भी निर्माण हुआ है। जिससे उसे व परिवार को काफी सुविधा हुई है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत नि:शुल्क गैस कनेक्शन भी मिला है। जिससे प्रतिदिन भोजन निर्माण में सुविधा हुई है। शत्रुघ्न ने बताया कि उसकी पत्नी को प्रति माह महतारी वंदन योजना के तहत 01 हजार रुपये राशि भी प्राप्त होती है। इसका उपयोग वह घर के छोटे-मोटे कार्यों को पूरा करने में करती हैं। शत्रुघ्न के परिवार ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी योजनाओं ने हमारे परिवार कि दशा और दिशा को बेहतर किया है।

## निर्धारित समयावधि में राजस्व प्रकरणों का समुचित निराकरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर इन्द्रजीत

**बालोद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि जिले के सभी राजस्व अधिकारी राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में समुचित निराकरण सुनिश्चित करें। जिससे कि आम जनता को राजस्व संबंधी प्रकरणों के निराकरण हेतु किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। श्री चन्द्रवाल आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में जिले के राजस्व अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर कलेक्टर श्री चंद्रकांत कौशिक एवं श्री डीआर ठाकुर सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में श्री चन्द्रवाल ने तहसील एवं अनुविभागवार राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। श्री चन्द्रवाल ने राजस्व संबंधी कार्यों की समीक्षा करते हुए स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र जारी करने के कार्य, स्वामीत्व योजना के कार्यों की प्रगति, मसादी, गांवों के सर्वे के कार्य के साथ-साथ भूमि अधिग्रहण अभिलेख दुरस्तीकरण, अभिलेख शुद्धता, नक्शा बटांकन, भू-अर्जन आदि के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने डीजिटल क्रॉफ्ट सर्वे, जियो रिफ्रेंशिंग आदि के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने आगामी त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन एवं नगरीय निकाय निर्वाचन के कार्यों की तैयारियों की भी समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन, परीक्षण आदि के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्धारित समयावधि में सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी भेजा गया जेल

**धमतरी(विश्व परिवार)।** जिले के सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने एक युवती को शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ दुष्कर्म करने तथा शादी से इंकार करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 376,506 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसारा थाना सिटी कोतवाली धमतरी में एक युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि लोकेश देवांगन पिता भीम देवांगन उम्र 38 वर्ष साकिन रामपुर वार्ड धमतरी द्वारा शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ दिनांक 20.08.22 से 16.11.22 तक लगातार जबरदस्ती दुष्कर्म किया गया तथा शादी करने कहने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता के लिखित रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली धमतरी में धारा 376,506 भादवि.के तहतअपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पीड़िता एवं गवाहो का कथन एवं घटनास्थल निरीक्षण किया गया। मामले में आरोपी को पकड़कर पुछताछ किया तो उसने जुर्म स्वीकार कर लिया। जिसके बाद आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराया गया एवं आरोपी के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

## स्कूली बच्चों के आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने में लाएं प्रगति - कलेक्टर दीपक अग्रवाल

**कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने समय-सीमा की समीक्षा बैठक में दिये निर्देश**

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागीय योजनाओं में प्रगति के संबंध में समय-सीमा की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर सभी प्रकरणों का समय - सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बैठक में स्कूली बच्चों के आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र निर्माण के प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने छुटे हुए बच्चों के प्रमाण पत्र बनाने के कार्यो में प्रगति लाने के निर्देश देते हुए साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने लोगों को योजनाओं से शत- प्रतिशत लाभान्वित करने के उद्देश्य से छुटे हुए पात्र लोगों के लिए विशेष रूप से सेचुरेशन कैम्प लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने सेचुरेशन कैम्प के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने इसके लिए सभी जनपद सीईओ को गंभीरतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में अपर कलेक्टर श्री अरविन्द पाण्डेय, सभी एसडीएम, सभी जनपद सीईओ सहित विभागीय जिला अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने समय-सीमा की समीक्षा बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने जनपद पंचायत, पीडब्ल्यूडी, जल संसाधन, पीएचई, पीएमजीएसवाय, क्रेडा, समाज कल्याण एवं विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों में लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर लंबित रहने के कारणों पर चर्चा की। कलेक्टर ने प्रकरणों को तेजी से निराकरण के लिए आवश्यक मार्गदर्शन एवं सुझाव भी दिये। उन्होंने कहा कि प्रकरणों को अधिक समय तक लंबित न रखा जाए। तेजी से प्रकरणों का निराकरण करते हुए लोगों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। कलेक्टर ने खाद्य विभाग की समीक्षा करते हुए राशन कार्डो के ई-केवायसी की भी जानकारी ली।उन्होंने ई-केवायसी के लिए बचे हुए हितग्राहियों को जागरूक कर इस कार्य को तेजी से सम्पन्न करने के निर्देश दिये।

## कलेक्टर रणबीर शर्मा ने की निकाय-पंचायत चुनाव की तैयारियों की समीक्षा

**14 दिसंबर से पहले सभी निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण कराने के दिए निर्देश**

**बेमेतरा(विश्व परिवार)।** निष्पक्ष और निर्विघ्न चुनाव कराने हेतु कलेक्टर रणबीर शर्मा ने सोमवर को कलेक्टरेट के दिशा सभाकक्ष मे नगरीय निकाय त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की गई और चुनाव प्रक्रिया को सुचारू और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मतदान केंद्रों की सुरक्षा, ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) और अन्य चुनावी सामग्री की समय पर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मतदाता जागरूकता अभियान जाबो



कार्यक्रम चलाने और निष्पक्षता बनाए रखने पर भी जोर दिया। चुनाव में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को विशेष तैयारी के निर्देश दिए गए। उप निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग ने नगरीय निकाय व त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव से संबंधित सभी गाइडलाइनों को विस्तार से बताया। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया के हर चरण को स्पष्ट किया, जिसमें नामांकन, मतदाता सूची, मतदान केंद्रों की व्यवस्था, ईवीएम या बैलेट पेपर का इस्तेमाल, और मतगणना की प्रक्रिया शामिल थी। अंकिता गर्ग ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को चुनाव आचार संहिता का पालन करने और चुनाव की निष्पक्षता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदाताओं की सुविधा का भी विशेष रूप से उल्लेख किया। इसके साथ ही, उन्होंने बताया कि मतदान के दौरान किसी भी समस्या से निपटने के लिए हेल्पलाइन नंबर और आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। कलेक्टर ने पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि 14 दिसंबर से पहले सभी निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण (ट्रेनिंग) पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सभी अधिकारी और कर्मचारी समय पर प्रशिक्षण प्राप्त करें ताकि मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि न हो। प्रशिक्षण में ईवीएम या बैलेट पेपर के उपयोग, मतगणना, और चुनाव से जुड़े नियमों और दिशा-निर्देशों की जानकारी दी जाए। कलेक्टर ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम समयबद्ध और प्रभावी तरीके से आयोजित हों। कलेक्टर ने चुनाव के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदान केंद्रों पर उचित लाइटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त रोशनी, पानी, शौचालय और छाया जैसी बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था की जाए। कलेक्टर ने विशेष रूप से वृद्ध, महिलाओं और दिव्यांग मतदाताओं के लिए सुविधा प्रदान करने पर जोर दिया। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए गए, ताकि शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित चुनाव प्रक्रिया संपन्न हो सके। बैठक मे जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, अपर कलेक्टर भारद्वाज, अपर कलेक्टर अनिल वाजपेयी सर्व एसडीएम, सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार और भू-अभिलेख के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## व्यापार समाचार

## Bauma CONEXPO INDIA 2024: भारत के बुनियादी ढांचा विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला वैश्विक मंच

**नईदिल्ली।** नोएडा में आयोजित होने जा रहा है। यह आयोजन न केवल नवीनतम प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन करेगा, बल्कि निर्माण और खनन क्षेत्रों के भविष्य को आकार देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी उठाएगा। भारत का बुनियादी ढांचा क्षेत्र एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। देश की जीडीपी अब निर्माण और शहरीकरण पर निर्भर हो रही है, जिससे उद्योग के लिए चुनौती और अवसर दोनों बढ़ गए हैं। bauma CONEXPO INDIA 2024 एक ऐसा मंच बनेगा जहां 100 से अधिक देशों के 75,000+ व्यापारिक आगंतुक और 1,000+ प्रदर्शक भाग लेंगे। यह मंच वैश्विक सहयोग और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के जरिए इस महत्वपूर्ण क्षेत्र को सशक्त बनाने पर चर्चा करेगा। 2024 संस्करण में एक महत्वपूर्ण बदलाव है, Demtech India 2024 का समावेश, जो विशेष रूप से ध्वस्तकरण प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विशेषज्ञता प्रदान करेगा।

## स्कोडा ऑटो इंडिया ने काइलैक रेंज में आकर्षक कीमतों की घोषणा की आज से बुकिंग शुरू


**नईदिल्ली।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी नई सब-4 मीटर एसयूवी काइलैक को लॉन्च कर इस सेगमेंट में पहली बार कदम रखा है। काइलैक चार वेरिएंट में उपलब्ध होगी - क्लासिक, सिग्नेचर, सिग्नेचर+ और प्रेस्टीज। इसकी शुरुआती कीमत 7.89 लाख रुपये है, जो काइलैक क्लासिक ट्रिम के लिए है, जबकि टॉप मॉडल काइलैक प्रेस्टीज एटी की कीमत 14.40 लाख रुपये होगी।ग्राहकों के लिए एक खास ऑफर में, पहले 33,333 ग्राहकों को 3 साल का स्टैंडर्ड मेंटेनेंस पैकेज (स्स्क्क) मुफ्त मिलेगा। काइलैक के लिए बुकिंग आज शाम 4 बजे से शुरू हो रही है, और डिलीवरी 27 जनवरी, 2025 से शुरू होगी।काइलैक को लॉन्च से पहले ही जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। काइलैक हैंड-रेज़र, काइलैक क्लब के सदस्य और डीलर पूछताछ के माध्यम से 1.6 लाख से अधिक लोगों ने अपनी रुचि दिखाई है। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर, पेट्र जेनेबा ने कहा, नई स्कोडा काइलैक भारत में हमारे लिए एक नई शुरुआत का संकेत है। यह न केवल स्कोडा के लिए, बल्कि पूरे सेगमेंट के लिए एक गेम-चेंजर साबित होगी। यह भारतीय सड़कों पर यूरोप की उन्नत तकनीक को लोकप्रिय बनाएगी और हमारे ग्राहकों के अनुभव को और बेहतर बनाएगी। खास बात यह है कि हमने पहले 33,333 ग्राहकों के लिए सेगमेंट में सबसे बेहतर स्वामित्व अनुभव देने की घोषणा की है।कायलाक ने 2024 में जोरदार उत्साह पैदा किया है और इसकी हर ओर चर्चा है। नवंबर में इसके वर्ल्ड प्रीमियर के समय से ही यह सबका ध्यान आकर्षित कर रही है। इस एसयूवी में शानदार ग्लोबल डिज़ाइन, बेहतरीन ड्राइविंग डायनैमिक्स, उन्नत सुरक्षा फीचर्स और स्?पेशियस एवं फंक्?शनल इंटीरियर जैसे कई खासियतें हैं। ये सभी सुविधाएं बेहद प्रतिस्पर्धी कीमतों में उपलब्ध हैं।हमें पूरा विश्वास है कि काइलैक नए बाजारों में प्रवेश करेगी, स्कोडा के परिवार में नए ग्राहकों को जोड़ेगी और भारत में हमारी ब्रांड की उपस्थिति को और मजबूत बनाएगी।

## होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया बेचता है नवंबर 2024 में 4,72,749 यूनिट

**रायपुर:** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज नवंबर 2024 महीने के लिए अपनी समग्र बिक्री की घोषणा की। माह के दौरान कंपनी ने 4,72,749 इकाइयों की बिक्री की । इसमें 4,32,888 इकाइयों की घरेलू बिक्री और 39,861 इकाइयों का निर्यात शामिल है । उल्लेखनीय है कि एचएमएसआई की YTD बिक्री (अप्रैल-नवंबर 2024) 42,28,837 इकाई है । इसमें 38,67,427 घरेलू बिक्री और 3,61,410 निर्यात इकाइयाँ शामिल हैं । नवंबर 2024 की मुख्य विशेषताएं: उत्पाद: होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने आज इलेक्ट्रिक वाहन सेगमेंट म ACTIV और QC1 को पेश करके मोबिलिटी के अगले युग की शुरुआत की । त्त्ष्ट1 के साथ-साथ आइकॉनिक एक्टिवा ब्रांड को बिल्कुल नए इलेक्ट्रिफाइड अवतार में पेश करना भारत में सस्टेनेबल मोबिलिटी के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण क्षण है। इसके लिए बुकिंग 1 जनवरी, 2025 से शुरू होगी और डिलीवरी फरवरी 2025 से शुरू होगी । सड़क सुरक्षा: भारत में सड़क सुरक्षा जागरूकता का विस्तार करते हुए, एचएमएसआई ने भारत भर के 09 शहरों - हैदराबाद (तेलंगाना), गुवाहाटी (असम), बीजापुर (कर्नाटक), करीमनगर (तेलंगाना), बरेली (उत्तर प्रदेश), कोल्लम (कर्नाटक) में जागरूकता अभियान चलाया। , अलीबाग (महाराष्ट्र), जालना (महाराष्ट्र), और द्वारका (गुजरात)।

## सैमको म्यूचुअल फंड ने डायनेमिक R.O.T.A.T.E. रणनीति के साथ अभिनव मल्टी एसेट एलोकेशन फंड किया लॉन्च

**मुंबई।** सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने मल्टी एसेट एलोकेशन फंड (एमएएएफ) के नए फंड ऑफर (एनएफओ) की घोषणा की, जो 4 दिसंबर, 2024 को खुलेगा और 18 दिसंबर, 2024 को बंद होगा। यह फंड इक्विटी, गोल्ड और डेट/आर्बिट्रेज के बीच आवंटित होगा, ताकि रिटर्न को अनुकूलित किया जा सके और जोखिम को कम किया जा सके। इस योजना की न्यूनतम आवेदन राशि ?5,000 है। यह फंड R.O.T.A.T.E. स्ट्रेटजी द्वारा संचालित होगा। इस रणनीति के अनुसार, जब शेयर बाजार में तेजी होती है तो फंड मुख्य रूप से इक्विटी मोड में घूमने की क्षमता रखता है, जब शेयर बाजार में गिरावट आती है लेकिन सोना बेहतर प्रदर्शन कर रहा होता है तो गोल्ड मोड में और जब शेयर और सोना दोनों गिर रहे होते हैं तो डेट/आर्बिट्रेज मोड में घूमने की क्षमता रखता है। इस प्रकार स्थिर रिटर्न देने और निवेशक की संपत्ति की रक्षा करने का प्रयास करता है। एसेट आवंटन में लचीलापन देते हुए, यह फंड विभिन्न श्रेणियों में निवेश करने के लिए गतिशील दृष्टिकोण प्रदान करता है। इसके तहत, इक्विटी में 20-80%, डेट इंस्ट्रूमेंट्स में 10-70% और गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ में 10-70% के बीच आवंटन क्षमता है। यह कमोडिटी डेरिवेटिव्स में 30% तक और REITs और InvITs में 10% तक निवेश कर सकता है। जबकि पारंपरिक निवेश फंड अक्सर सोने और अन्य कमोडिटीज उद्योग के स्थिर जोखिम को बनाए रखते हैं।




## चैंपियंस ट्रॉफी 2025 विवाद पर शोएब अख्तर का विवादित बयान, कहा- इंडिया को वहीं पर मार के आओ...

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। वहीं कई दिनों तक अपनी जिद्द पर डटे रहने के बाद आखिरकार पीसीबी इस वैश्विक टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल में कारने में राजी हो गया है। इस बीच पूर्व पाकिस्तान गेंदबाज शोएब अख्तर ने एक पाकिस्तानी चैनल पर विवादित बयान दिया है। दरअसल, अख्तर 2025 चैंपियंस ट्रॉफी पर भारत और आईसीसी के रवैये से खुश नहीं हैं। इस दौरान उन्होंने एक विवादित बयान दे दिया है। बता दें कि, 2025 चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी पाकिस्तान के पास है। ये वैश्विक टूर्नामेंट अगले साल फरवरी में खेला जाना है। हालांकि, सुरक्षा कारणों का हवाला देकर भारत ने अपनी टीम पाकिस्तान भेजने से मना कर दिया था। ऐसे में अब ये टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल में खेला जाएगा। इसमें भारतीय टीम अपने मैच दुबई में खेलेगी। भारत और पाकिस्तान का मैच भी दुबई में खेला जाएगा। हालांकि, पीसीबी कुछ शर्तों के साथ हाइब्रिड मॉडल पर तैयार हुआ है। पीसीबी ने आईसीसी से कहा है कि जब भारत में किसी आईसीसी इवेंट का आयोजन होगा तो वो भी अपनी टीम वहां नहीं भेजेगा। ऐसे में तब भी आईसीसी को वो टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल में कराना होगा। हालांकि, इस पर शोएब अख्तर का रुख एकदम अलग है। शोएब अख्तर ने कहा कि, आपको होस्टिंग राइट्स और रेवेन्यू के लिए पेमेंट किया जा रहा है। ये ठीक है हम समझते हैं। पाकिस्तान का स्टांस भी अपनी जगह बिल्कुल ठीक था। ऐसा क्यों नहीं करना चाहिए था। जब हम अपने देश में चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करने में सक्षम हैं तो वो आने से मना कर रहे हैं। आईसीसी को हमें हाई रेवेन्यू शेयर करना चाहिए। ये एक अच्छा कॉल है। भविष्य में किसी टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान टीम के भारत जाने पर शोएब अख्तर ने कहा कि, जहां तक भारत में खेलने की बात है तो हमें दोस्ती का हाथ बढ़ाना चाहिए। हमारी टीम को वहां जाना चाहिए मेरा हमेशा से मानना है कि इंडिया जाओ और उन्हें वहीं मारो हराओ। भारत में खेलो और उन्हें वहीं हरा के आओ।

## अगले ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की जीत महत्वपूर्ण : रानी

**रोहतक (एजेंसी)।** पूर्व कप्तान रानी रामपाल का मानना है कि भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब बेहद महत्वपूर्ण उपलब्धि है क्योंकि यह लॉस एंजिल्स में होने वाले अगले ओलंपिक खेलों के लिए उसकी तैयारी की शुरुआत है। भारतीय महिला हॉकी टीम इस पूरे साल संघर्ष करती रही और वह पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही। भारतीय टीम हालांकि हाल में अपना तीसरा एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीतने में सफल रही। रानी ने पीटीआई से कहा, ''एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की जीत हमारी महिला हॉकी टीम के लिए तैयारी के लिहाज से




बहुत महत्वपूर्ण है। इससे उसने 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए अपनी तैयारी की शुरुआत कर दी है। यह अच्छी शुरुआत है। कोच हरेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी।'' इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले महीने हॉकी से संन्यास ले लिया था। इससे पहले उन्हें भारत की सब जूनियर महिला टीम का कोच नियुक्त किया गया था। रानी ने कहा, ''सब जूनियर खिलाड़ियों के साथ काम करने का मेरा अनुभव बहुत अच्छा रहा और मैंने इससे काफी कुछ सीखा। वे युवा लड़कियां थीं जो मेरे जैसी ही पृष्ठभूमि से आती हैं। उनके मुद्दों को समझना और उनका मार्गदर्शन करना आसान था।'' उन्होंने कोच के तौर पर अपने अनुभव के बारे में कहा,''मैंने उनसे कहा कि अगर मैं सफल हो सकती हूं तो आप भी सफलता हासिल कर सकती हो। उन्हें मार्गदर्शन की जरूरत है और मैंने उनके साथ अपने अनुभव साझा करके उन्हें वह मार्गदर्शन देने की कोशिश की।''

## नवंबर में सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया की बिक्री आठ प्रतिशत बढ़कर पहुंची 94,370 यूनिट

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया ने नवंबर 2024 के लिए अपनी बिक्री के आंकड़ों की जानकारी दी है। जापानी ब्रांड की भारतीय इकाई ने इस साल नवंबर में 94,370 यूनिट बेची, जो नवंबर 2023 की तुलना में 8 प्रतिशत अधि?क है। बीते साल समान अवधि में कंपनी ने 87,096 यूनिट की बिक्री की थी। इस साल नवंबर में कंपनी की घरेलू बिक्री सालाना आधार पर 7 प्रतिशत वृद्धि के साथ 78,333 यूनिट रही। बीते साल नवंबर में कंपनी की कुल घरेलू बिक्री 73,135 यूनिट रही थी। बीते महीने नवंबर में कंपनी के निर्यात में भी सालाना आधार पर 15 प्रतिशत का उछाल रहा, जो नवंबर 2023 में 13,961 यूनिट की तुलना में इस बार 16,037 यूनिट था। नवंबर के बिक्री प्रदर्शन को लेकर सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में सेल्स, मार्केटिंग और आफ्टर सेल्स के कार्यकारी उपाध्यक्ष देवाशीष हांडा ने कहा, बिक्री में यह उछाल ग्राहकों का सुजुकी दोपहिया वाहनों के प्रत? विश्वास को दिखाता है। यह उपलब्धि हमारे ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण की सफलता और हमारी टीम, भागीदारों और डीलर नेटवर्क के अटूट समर्पण को दर्शाता है। हम इंडस्ट्री में अपनी उपस्थिति को मजबूत करते हुए वैल्यू-पैक्ड प्रोडक्ट और ग्राहकों को बेहतरीन सर्विस एक्सपीरियंस देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया के पोर्टफोलियो में बर्गमैन स्ट्रीट, एक्सेस और एवेनिस स्कूटर की अच्छी-खासी मांग देखी जाती है। कंपनी के ये स्कूटर सबसे ज्यादा बिकने वाले उत्पाद में शामिल रहते हैं। वहीं, कंपनी की मोटरसाइकिल लाइनअप में वी-स्ट्रॉम एसएक्स, जिक्सर एसएफ 250, जिक्सर 250, जिक्सर एसएफ और जिक्सर बाइक भारतीय ग्राहकों को काफी पसंद आती हैं। वहीं, दूसरी ओर घरेलू दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी टीवीएस मोटर ने नवंबर में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत की बिक्री वृद्धि दर्ज की है। कंपनी ने पिछले महीने मोटरसाइकिल और स्कूटर की 3,92,473 यूनिट बेचीं। यह एक साल पहले इसी महीने बेची गई 3,52,103 यूनिट दोपहिया वाहनों की बिक्री से अधिक है।


GOVERNMENT OF CHHATTISGARH
WATER RESOURCES DEPARTMENT
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
MAHANADI GODAWARI BASIN
RAIPUR (C.G.)

e-PROCUREMENT TENDER NOTICE
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

CORRIGENDUM No- 01

IN NIT No. : 05/SAC/2024-25, Dated : 08.11.2024., System Tender No. 160833 (1st Call), Whose G-Number is 242503717 dated 11.11.2024

following amendments are made :-

| S.No. | Amendments |
|---|---|
| 1 | Clause 2.8.1 of Form-"B" as per Govt. of C.G. WRD, Raipur Order No. 4515/F-7-7/S-2/31/2001, Nava Raipur, Date 25.11.2024. |
| 2 | Clause 4.3.36 of Form-"B" as per Govt. of C.G. WRD, Raipur Order No. 4504/F-7-7/ S-2/ 31/2001, Nava Raipur, Date 22.11.2024. |
| 3 | Online Tenders are invited up to 09.12.2024 at 17.30 Hour |
| 4 | Bid Open Start Date and time: 10.12.2024, 11:30 Hours |

Note:- Detailed Amendments can be viewed on the web site https://eproc.cgstate.gov.in. All other terms and conditions of NIT will remain unchanged.

EXECUTIVE ENGINEER
Water Resources Construction Division, Kasdol
for, Chief Engineer, Mahanadi Godawari Basin
Water Resources Department, Raipur (C.G.)

G-242504262/4


## लाल निशान में खुला भारतीय शेयर बाजार, निफ्टी 24200 से नीचे

**मुंबई(एजेंसी)।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार को लाल निशान में खुला। शुरुआती कारोबार में पीएसयू बैंक और फाइनेंशियल सर्विस सेक्टर में बिकवाली देखी गई। सुबह करीब 09ः42 बजे सेंसेक्स 140.80 अंक या 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 79,661.99 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 12.25 अंक या 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,118.85 पर कारोबार कर रहा था। बाजार का रुख सकारात्मक रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1,254 शेयर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,076 शेयर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे।

## भारत में वित्त वर्ष 25 की पहली छमाही में एआईएफ निवेश 4.49 लाख करोड़ रहा

**मुंबई(एजेंसी)।** भारत में वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही (अप्रैल से सितंबर) में अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड (एआईएफ) निवेश करीब 4.5 लाख करोड़ रुपये रहा है। इसकी वजह देश की अर्थव्यवस्था का तेजी से बढ़ना है। यह जानकारी सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। एनारॉक रिसर्च द्वारा संकलित ताजा सेबी डेटा से पता चलता है कि वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही तक विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कुल 4,49,384 करोड़ रुपये के एआईएफ निवेश में रियल एस्टेट की हिस्सेदारी सबसे अधिक 75,468 करोड़ रुपये या 17 प्रतिशत थी। एनारॉक की रिपोर्ट में बताया गया कि समीक्षा अवधि में अन्य क्षेत्रों आईटी/आईटीईएस में 27,815 करोड़ रुपये, वित्तीय सेवाओं में 25,782 करोड़ रुपये , एनबीएफसी में 21,503 करोड़ रुपये, बैंकों में 18,242 करोड़ रुपये, फार्मा में 17,272 करोड़ रुपये, एफएमसीजी में 11,680 करोड़ रुपये।


कार्यालय कार्यपालन अभियंता. लो.नि.वि.. संभाग क्र0-3.
डी-1/17, सेक्टर-17, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

NIT- 20/2024-2025/ व ले लि — दिनांक : 18-11-2024

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि:- 09/12/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक

ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि:- 16/12/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि :- 17/12/2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

निविदाकारों की श्रेणी:- ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी "ई" (ब्लाक अभनपुर)

| निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख मे) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| T0095 | उपसंभाग अभनपुर के उपखंड अभनपुर के अंतर्गत आने वाले विभिन्न भवनों में एंटीटरमाईट का कार्य | 5.00 |

आवेदन के साथ Registation Copy, GST Certificate, एवं जी.एस.टी. भुगतान का 3 बी प्रस्तुत करना अनिवार्य है

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र मे उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है। अन्य जानकारी हेतु संभागीय कार्यालय में संपर्क करे

G-242504231/2

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र- 3
रायपुर



कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, धमतरी वनमण्डल, धमतरी (छत्तीसगढ़)

☎ 07722-238371(O), 236137(Fax), E-mail – dfo-dhamtari.cg@gov.in

संशोधित संक्षिप्त निविदा सूचना

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक/5974 — धमतरी, दिनांक: 30 /11/2024

अपलेखित शासकीय वाहन तथा अंतिम रूप से राजसात वाहनों के विक्रय हेतु संशोधित संक्षिप्त विज्ञापन

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि धमतरी वनमण्डल धमतरी अंतर्गत अपलेखित शासकीय वाहन (05 बोलेरो) एवं अंतिम रूप से राजसात वाहन (02 मोटर सायकल) का निविदा विक्रय द्वारा जहाँ है जैसी है की स्थिति में निर्वर्तन हेतु सीलबंद निविदा आमंत्रित किया जाता है। जिस हेतु विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं आवश्यक शर्तें अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 500.00 रू. का डिमांड ड्राफ्ट या नगद शुल्क जो वनमण्डलाधिकारी धमतरी वनमण्डल धमतरी के पक्ष में देय हो जमा कर पूर्ण आवेदन के साथ प्रस्तुत करने पर दिनांक 25.11.2024 से कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किया जां सकता है। कृपया निविदा के पूर्व वाहनों का स्वतः स्थल निरीक्षण कर लेवें। निविदा विक्रय की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय धमतरी से प्राप्त की जा सकती है।

निविदा दिनांक 10.12.2024 को प्रथम चक्र की निविदा, दिनांक 17.12.2024 को व्दितीय चक्र की निविदा एवं दिनांक 24.12.2024 को तृतीय चक्र की निविदा आमंत्रित की जाती है। प्रथम बार में निविदा किसी कारण वश असफल होने पर द्वितीय निविदा की जावेगी। इसी प्रकार द्वितीय निविदा भी किसी कारणवश असफल होने पर तृतीय निविदा किया जावेगा। इस कार्यालय के ज्ञाप क्रमांक 5817 दिनांक 20.11.2024 द्वारा प्रकाशित निविदा की तिथियों में संशोधन किया जाता है जो कि निम्नानुसार है:-

| क्र. | विवरण | निविदा हेतु समय सारिणी | द्वितीय निविदा हेतु समय सारिणी | तृतीय निविदा हेतु समय सारिणी |
|---|---|---|---|---|
| 01 | निविदा फार्म बिक्री प्रारंभ की तिथि | 25.11.2024 पूर्वान्ह 11:00 बजे से | 12.12.2024 पूर्वान्ह 11:00 बजे से | 19.12.2024 पूर्वान्ह 11:00 बजे से |
| 02 | निविदा फार्म बिक्री की अंतिम तिथि | 09.12.2024 अपरान्ह 5:00 बजे तक | 16.12.2024 अपरान्ह 5:00 बजे तक | 23.12.2024 अपरान्ह 5:00 बजे तक |
| 03 | निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि | 10.12.2024 अपरान्ह 2:00 बजे तक | 17.12.2024 अपरान्ह 2:00 बजे तक | 24.12.2024 अपरान्ह 2:00 बजे तक |
| 04 | निविदा खोलने की तिथि | 10.12.2024 अपरान्ह 4:00 बजे तक | 17.12.2024 अपरान्ह 4:00 बजे तक | 24.12.2024 अपरान्ह 4:00 बजे तक |
| 05 | निविदा खोलने का स्थान | वनमण्डल कार्यालय धमतरी | वनमण्डल कार्यालय धमतरी | वनमण्डल कार्यालय धमतरी |

G-242504236/1

वनमंडलाधिकारी
धमतरी वनमंडल धमतरी

दैनिक
# विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, बुधवार 04 दिसम्बर 2024



## मुख्यमंत्री साय ने भारतीय नौसेना दिवस की दी बधाई

**रायपुर (विसं)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने 4 दिसम्बर को भारतीय नौसेना दिवस पर जल सीमाओं के प्रहरी भारतीय नौसैनिकों और उनके परिवारों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने नौसेना के उन शूरवीरों को अपनी श्रद्धांजलि दी है जिन्होंने देश सेवा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया । श्री साय ने कहा कि भारतीय नौसेना के जवान साहस, शौर्य और निष्ठा के प्रतीक हैं। उन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा और आपदा राहत के दौरान सराहनीय भूमिका निभाई है। उनकी सेवा और बलिदान का देश सदा ऋणी रहेगा।

## बोलती तस्वीर...



**रायपुर (विश्व परिवार)।** बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार के विरोध में रायपुर में निकाली गई रैली। विदित हो कि विगत कुछ समय से बांग्लादेश में रह रहे हिन्दूओं का लगातार उत्पीड़न हो रहा है। हिन्दू संतों को गिरफ्तार किया जा रहा है, उनके पूजा स्थल, मंदिर आदि पर निरंतर हमले हो रहे हैं। हिन्दुओं के घरों में तोड़फोड़, आगजनी के साथ ही उनके परिजनों पर हमले व मातृशक्ति के साथ दुराचार की घटनाएं लगातार बढ़ी हैं।

# विकसित राष्ट्र बनाने में दिव्यांगजन निभा रहे अहम भूमिका : मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े

### अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले दिव्यांगजन और संस्थाएं राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित



**रायपुर (विश्व परिवार)।** समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा विकसित राष्ट्र बनाने में दिव्यांगजन अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण पुनर्वास एवं उनके हित के संरक्षण के लिए अनेक कार्य किए जा रहे हैं। वे आज राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज में मैदान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस समारोह को सम्बोधित कर रही थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने की। इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले दिव्यांगजन और संस्थाओं को राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

समाज कल्याण मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने आगे कहा कि राज्य में दिव्यांग जनों के कल्याणार्थ एवं पुनर्वास हेतु विभिन्न योजनाएं तथा कार्यक्रम संचालित हैं। जिसमें से सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत पेंशन योजनाएं कृत्रिम अंग सहायक उपकरण प्रदाय, मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल वितरण, छात्रवृत्ति सहित अन्य योजना का लाभ सभी दिव्यांगजनों को मिल रहा है। प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के कल्याण तथा हित में बेहतर कार्य कर रही है हम आगे भी आपके हितों के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांग जनों को समाज के लोगों का भरपुर प्यार और प्रोत्साहन मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन आज देश और प्रदेश में विभिन्न कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। इस अवसर पर रायपुर ग्रामीण विधायक श्री मोतीलाल साहू, सचिव समाज कल्याण विभाग श्री भुवनेश्वर यादव सहित बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित थे।

समारोह में उत्कृष्ट कार्य के लिए 4 विभिन्न श्रेणियों में दिव्यांगजनों एवं संस्थाओं को राज्य स्तरीय पुरस्कार दिए गए। जांजगीर-चांपा जिले के ही देव सेवा समिति संस्थान को तथा नि:शक्तजन कल्याण संघ को दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह में 130 दिव्यांगजनों को अत्याधुनिक बैटरी चलित ट्राइसाइकिल तथा अन्य उपकरण प्रदान किए गए। कार्यक्रम में सर्वोत्तम दिव्यांग कर्मचारी के श्रवण बाधित श्रेणी में कोरबा जिले के श्री प्रकाश खाकसे को अस्थि बाधित श्रेणी में जांजगीर-चांपा जिले के संतोष बंजारे को पुरस्कृत किया गया। दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत 05 दंपत्तियों को एक-एक लाख तथा 05 दंपत्तियों को 50-50 हजार का चेक तथा 10वीं और 12वीं में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांग विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि का चेक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुति दी।

# विविध प्रतियोगिताओं में दिखा श्री दावड़ा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का जौहर




**नवा रायपुर (विश्व परिवार)।** विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध श्री दावड़ा विवि के द्वारा शैक्षणिक, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं खेल के क्षेत्र में निरंतर नवाचार को प्रासंगिक कर रहे हैं। इसी कड़ी में विवि के विद्यार्थियों के द्वारा राष्ट्रीय एवं राजकीय खेल प्रतियोगिताओं में अपना परचम लहराया जा रहा है। 35वीं वेस्ट जोन जूनियर एथलेटिक्स नेशनल चैंपियनशिप 2024 का आयोजन राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज यूनिवर्सिटी ग्राउंड नागपुर में हुआ। जिसमे श्री दावडा यूनिवर्सिटी के बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र राहुल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अंडर 20 दौड़ में 400 मीटर की दौड़ 51.07 सेकंड में पूरा करते हुए कास्य पदक अपने नाम किया।

वहीं 21वीं राज्य एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता मे भी छात्र राहुल ने में 400 मीटर की दौड़ 51.08 सेकंड में पूरी करते हुए कास्य पदक अपने नाम किया 7 यह प्रतियोगिता बिलासपुर के बहतरी एथलेटिक्स स्टेडियम में अयोजित की गई थी जिसमे राज्य भर के 50 प्रतिभागी शामिल हुए। विवि के मुख्यकार्यकारी अधिकारी श्री चिन्मय दावड़ा एवं महानिदेशक डॉ. चार्मी दावड़ा ने विद्यार्थियों के बौद्धिक योग्यता के साथ-साथ खेल एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में विद्यार्थियों की सक्रियता की सराहना की।

राहुल की इस उपलब्धि पर विवि के कुलपति डॉ. आर.बी. शुक्ला, विवि कुलसचिव श्री कुमार श्वेताभ, मुख्य परीक्षा नियंत्रक डॉ. वरुण गंजीर, अधिष्ठाता डॉ. मनीष वर्मा सहित सभी विभागों प्राध्यापकों ने बधाईयां ज्ञापित की।

# पुण्य और पाप हमारे अच्छे, बुरे कर्मों के कारण बंधते हैं : मुनिश्री पुनीत सागर जी महाराज




**रायपुर (विश्व परिवार)।** आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनि राज़ के परम प्रभावक शिष्य आध्यात्म योगी, चर्या शिरोमणी, वितरागी श्रमण संस्कृति के आध्यात्मिक सद्गुरु श्री 108 आगम सागर जी महामुनि राज, श्री 108 पुनीत सागर जी महामुनिराज एवं ऐलक श्री 105 धैर्य सागर जी महामुनिराज का मंगल प्रवेश राजधानी के श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर (लघु तीर्थ) मालवीय रोड में 2 दिसंबर को हुआ। महाराज जी के मंगल प्रवेश और पावन सानिध्य से संपूर्ण समाज में उल्लास छा गया। आज दिनांक 3 दिसंबर को प्रात: सुबह नित्य अभिषेक, शांति धारा पूजन के पश्चात सुबह 8.30 बजे आचार्य श्री का पूजन अष्ट द्रव्यों से किया गया तत्पश्चात श्री 108 पुनीत सागर जी महामुनिराज जी ने अपने मुखाग्रबिंदु से प्रवचन में बताया कि पाप और पुण्य हमारे अच्छे और बुरे कर्मो कार्यों के कारण बनते है। जैसे हम अपने अपने दैनिक जीवन में अच्छे कार्य करते है देव, शास्त्र, गुरु के बताए मार्ग पर चलते है। तो हमे इसके अच्छे परिणाम इस जीवन के आलावा अगले पर्याय में भी मिलते है। और अगर हम सदा बुरे, पाप के कार्यों में लगे रहते है तो इसके परिणाम हमेशा बुरे मिलेंगे और जब भी कोई जीवन हमे मिलेगा तो चाहे कितने अच्छे कार्य कर लो पहले पूर्व मै किए बुरे कार्यों का परिणाम भोगना पड़ेगा। अच्छे पुण्य कार्यों से आत्मा पवित्र होती है। और पाप कार्यों से दुर्गति होती है। इसलिए जो भी व्यक्ति देव शास्त्र गुरु पर विश्वास रख कर यह वहा नहीं भटकता उसे हमेशा सद्गति प्राप्त होती है। कभी नरक गती नहीं मिलती, अच्छा कुल प्राप्त होता है, नपुंसकता नहीं होती। उच्च कुल की प्राप्ती होती है।घर मै हमेशा हर्ष का वातावरण होता है। ठीक इसके विपरीत अगर बुरे कार्यों को करते है तो पिछले बुरे कार्यों को पहले भुगतना पड़ता है बीच कुल मै जन्म मिलता है दरिद्रता का जीवन जीना पड़ता है घर मै सब बीमार और जन्म से लेकर मृत्यु तक सिर्फ दवाईयो का सेवन करना पड़ता है। इसलिए समय का लाभ लेकर हमेशा लेकर अच्छे कार्य करना चाहिए।

श्री 108 आगम सागर महाराज ने अपने प्रवचन में बताया कि समाधिस्थ प. पु. संत शिरोमणि विश्व वंदनीय आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की समाधि को एक वर्ष पूर्ण हो रहे है। आचार्य श्री का जन्म 10 अक्टूबर 1946 को विद्याधर के रूप में कर्नाटक के बेलगांव जिले के सदलगा में शरद पूर्णिमा के दिन हुआ था। उनके पिता श्री मल्लप्पा थे जो बाद में मुनि मल्लिसागर बने। उनकी माता श्रीमंती थी, जो बाद में आर्यिका समयमति बनी। विद्यासागर जी को 30 जून 1968 को अजमेर में 22 वर्ष की आयु में आचार्य ज्ञानसागर ने दीक्षा दी और उनका मुनि बनने उपरांत आध्यात्मिक जीवन मध्य प्रदेश बुंदेलखंड में सब से अधिक व्यतीत हुए था। और ये हमारे लिए परम सौभाग्य की बात है कि उनकी समाधि छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ स्थित चंद्र गिरी तीर्थ स्थल पर हुई। 1 वर्ष के समाधि महोत्सव के उपलक्ष्य में वहा श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान करने का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे समाज के सभी सदस्यजीभाग ले सकते है। और भविष्य में समाधि स्थल का निर्माण भी किया जाना है। इस समाधि स्थल में आचार्य श्री के जीवन का बचपन से लेकर समाधि तक संपूर्ण परिचय हमे यहां देखने को मिलेगा। यह निर्माण अत्यंत भव्य और विश्व स्तरीय निर्माण होगा।

धर्म सभा मे पधारे सभी भक्त जनों का का अभिनंदन मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री यशवंत जैन एवं सचिव श्री सुजीत जैन ने किया। **-प्रणीत जैन**

# सशस्त्र सेना चिकित्सा महाविद्यालय पुणे की टीम बनी RBI90 क्विज़ की जोनल विजेता





**इंदौर (विश्व परिवार)।** भारतीय रिज़र्व बैंक अपनी स्थापना के 90 वर्ष के परिचालन का उत्सव मना रहा है। इस उपलक्ष्य में बैंक द्वारा मनाए जाने वाले समारोहों की एक कड़ी के रूप में स्नातक पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्रों के लिए RBI90 क्विज़ देश भर में आयोजित किया जा रहा है। इसी क्विज़ का चौथा जोनल राउंड, इंदौर के होटल मैरियट में 3 दिसंबर, 2024 को आयोजित किया गया। इस जोनल राउंड में छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान के राज्य स्तरीय विजेताओं ने भाग लिया।

सशस्त्र सेना चिकित्सा महाविद्यालय, पुणे, महाराष्ट्र की विजेता टीम, जिसमें श्री प्रियांशु महर और श्री उदय तेज सिंह शामिल हैं, ने आगामी 6 दिसंबर 2024 को मुंबई में आयोजित होने वाले RBI90 क्विज के राष्ट्रीय दौर में अपनी जगह बनाई, जहाँ वे अन्य जोनल राउंड के विजेता टीमों के साथ खिताब हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। गुजरात राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, गांधीनगर, गुजरात और बिट्स पिलानी -केके बिरलागोवा की टीमों ने क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। शीर्ष तीन टीमों ने क्रमश: 5 लाख रुपए, 4 लाख रुपए और 3 लाख रुपए के नक़द पुरस्कार जीते। इस अवसर पर भारतीय रिज़र्व बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री अजय कुमार ने वित्तीय साक्षरता के माध्यम से धन के निवेश के बारे में विवेकपूर्ण निर्णय लेने के लिए युवाओं द्वारा ज्ञान और कौशल विकसित करने और इस संबंध में दूसरों को भी शिक्षित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने आरबीआई कहता है शीर्षक वाले मल्टीमीडिया अभियानों के माध्यम से जनता के बीच वित्तीय जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा किए गए प्रयासों पर भी प्रकाश डाला।

# श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय परिसर में अंतर महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रतियोगिता के शीर्ष चार खिलाड़ी भुवनेश्वर में अखिल भारतीय वि.वि. खेलों में करेंगे प्रदर्शन**

**मैदान पर सीखे गए गुण जीवन के हर पहलू में सीधे तौर पर परिलक्षित होते हैं : प्रो. डीपी सिंह**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय परिसर में शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा अंतर महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में रायपुर सेक्टर से पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के 12 संबद्ध महाविद्यालयों के कुल 30 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 15 लड़कियों और 15 लड़कों ने अपनी तीरंदाजी कौशल का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने कंपाउंड राउंड, इंडियन राउंड और रिकर्व राउंड में अपनी प्रतिभा दिखाई।

मुख्य अतिथि यूजीसी के पूर्व अध्यक्ष एवं टीआईएसएस चांसलर प्रो. डी.पी सिंह ने विद्यार्थियों और प्रतिभागियों से भेंट कर कहा कि मेरे लिए यह वास्तव में सम्मान की बात है। हम न केवल खेल की भावना के लिए बल्कि शिक्षा, ज्ञान और रचनात्मकता के आदर्शों को अपनाने के लिए भी एकत्र हुए हैं जो हमारे भविष्य को आकार देंगे।

शिक्षा के मौलिक मूल्य पर जोर देते हुए कहा कि, शिक्षा केवल पाठ्यपुस्तकों या परीक्षाओं के बारे में नहीं है; यह आने वाली दुनिया के लिए खुद को तैयार करने, आलोचनात्मक सोच, नवाचार और लगातार बदलते वैश्विक परिदृश्य के अनुकूल होने की क्षमता को बढ़ावा देने के बारे में है। ज्ञान वह नींव है जिस पर हम अपना भविष्य बनाते हैं। यह हमें सशक्त बनाता है, हमारे जुनून को प्रज्वलित करता है और अनंत संभावनाओं के द्वार खोलता है।विद्यार्थी के रूप में, आप अपनी यात्रा के एक महत्वपूर्ण चरण में हैं, जहाँ आपके पास उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्ग बनाने का अवसर है। अपने आप को केवल कक्षा तक सीमित न रखें।

प्रो. सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ, विद्यार्थियों के विकास का एक और ज़रूरी हिस्सा है खेल। खेल जीवन के मूल्यवान सबक सिखाते हैं: अनुशासन, दृढ़ता, टीमवर्क और लचीलापन। मैदान पर सीखे गए ये गुण जीवन के हर पहलू में सीधे तौर पर परिलक्षित होते हैं, चाहे वह आपकी शैक्षणिक गतिविधियों, पेशेवर जीवन या व्यक्तिगत संबंधों में हो।यह खेल आयोजन सिर्फ़ जीतने या हारने के बारे में नहीं है; यह प्रयास का जश्न मनाने, चरित्र निर्माण और समुदाय की भावना को बढ़ावा देने के बारे में है। भविष्य आपको बनाना है और मैं आपकी शैक्षणिक यात्रा, खेलकूद और आपके सभी भावी प्रयासों के लिए आपको शुभकामनाएँ देता हूँ।

इस प्रतियोगिता के शीर्ष चार खिलाड़ियों का चयन किया गया, जो KKIT भुवनेश्वर, ओडिशा में आयोजित अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेलों में भाग लेंगे। बॉयज केटेगरी इंडियन राउंड के विजेता नकुल सिंह( विप्र कॉलेज), कंपाउंड राउंड के विजेत अर्क महोबिया (महंत कॉलेज), रिकर्व राउंड के विजेता मयूर (महाराजा अग्रसेन कॉलेज) रहे। गर्ल्स केटेगरी में इंडियन राउंड की विजेता हर्षिता साहू (शासकीय छत्तीसगढ़ कॉलेज), कंपाउंड राउंड की विजेता आर्शी यादव (महंत कॉलेज), रिकर्व राउंड की विजेता छमा पिस्दा (शासकीय डी. बी गर्ल्स कॉलेज) रही।

# फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाईल एवं रायपुर ऑटोमोबाईल डीलर्स एसोसियेशन द्वारा संगोष्ठी कार्यक्रम




**रायपुर (विश्व परिवार)।** फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाईल एसोसियेशन (फाडा) एवं रायपुर ऑटोमोबाईल डीलर्स एसोसियेशन (राडा) के संयुक्त तत्वाधान में दिनॉंक 03.12.2024 को हॉटल मयूरा, जी.ई. रोड में सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली द्वारा हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन चिन्ह के संबंध में अपने डीलर व्यवसायियों के लिये एक डीलर संगोष्ठी का आयोजनकिया गया जिसमे जारी दिशा निर्देशों के तहत केंद्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 एवं केंद्रीय मोटर यान 1989 के प्रावधानों पर सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के परिपालन पर चर्चा की गयी। इसमें बताया गया की छत्तीसगढ़ प्रदेश के 1 अप्रैल 2019 से पहले विक्रय सभी वाहनों पर एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने के लिए सरकार द्वारा नंबर प्लेट उपलब्ध करने के लिये मेसर्स रियल बेजान इंडिया लिमिटेड और रोसमार्टा सेफ्टी सिस्टम लिमिटेड को अधिकृत किया गया हैऔर प्रदेश के सभी अधिकृत ऑटोमोबाइल डीलर को इसे लगाने के लिये अधिकृत किया गया है इस आयोजन में इन दो कंपनियों को रोज़मार्टा और रियल माज़ोन के अधिकारियो को आमंत्रित किया गया इन अधिकारियो ने HSRP नंबर प्लेट वाहन मालिक द्वारा आर्डर करने व् डीलर द्वारा लगाने के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की।

बात दें कि भारत सरकार की सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा पारदर्शिता लाने और धोखाधड़ी को कम करने के लिए हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट की शुरुआत 1 अप्रैल 2019 को की थी। सरकार ने देश में सभी प्रकार के वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट और कलर कोड स्टीकर लगाना जरूरी कर दिया गया है।

हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट यह एक तरह के नंबर प्लेट होती है जिसे भारत सरकार ने तय किए गए मानक स्टैंडर्ड के मुताबिक बनाया गया है यह हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट अल्युमिनियम से बनी होती है और इसमें कई तरह के सिक्योरिटी फीचर होते हैं। हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट में इंटरनेशनल रजिस्ट्रेशन कोड होता है। हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट में लेजर युक्त यूनिक सीरियल नंबर होता है। हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट में अशोक चक्र का 3ष्ठ होलोग्राम होता है। हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट की बाई और के ऊपरी कोने पर क्रोमियम बेस्ट होलोग्राम होता है। इसमें भी कल आईडेंटिफिकेशन नंबर लेजर ऐड कोडेड होता है। इस हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट में दो नॉन रियुजेबल लॉक होते हैं। अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत सभी श्रेणी के मोटर वाहनों के लिए, वाहन स्वामी को HSRP लगाना अनिवार्य होगा। नोटीफिकेशन के 120 दिन के भीतर वाहनों ( 19/03/2025 तक ) HSRP लगाना आवश्यक होगा। HSRP हेतु जारी निर्देशों का पालन नहीं होने पर केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम एवं नियमों के अनुसार जुर्माना किया जाएगा। मोटरयान अधिनियम 1988 में दिये गये प्रावधान अंतर्गत दिए गए पेनाल्टी से बचने के लिए केन्द्रीय मोटरयान नियम 1989 के नियम 50 के तहत नकली HSRP / समान दिखने वाली प्लेटे/ स्मार्ट नंबर प्लेट जैसे होलोग्राम/ इंडिया मार्क/इंडिया शिलालेख आदि से लैस सड़क पर चलने वाले वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह (HSRP) प्लेट से बदलना होगा अनिवार्य होगा। अनाधिकृत रूप से HSRP की बिकी और आपूर्ति करते पाए जाने वाले डीलरों या अन्य व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जावेगी। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं होने पर लगेगा जुर्माना। वाहन में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेटलगे होने से वाहन वाहन मालिक को कई तरह से सुविधा मिलती है।

हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह HSRP है निर्देशों का पालन नहीं करने पर केंद्रीय मोटरयान अधिनियम एवं नियम के अनुसार जुर्माना किया जाएगा मोटर या अधिनियम 1988 में दिए गए प्रावधान अंतर्गत दिए गए पेनल्टी से बचने के लिए

केंद्रीय वाटर या नियम 1989 के नियम 50 के तहत नकली हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह HSRP समान दिखने वाली प्लेट स्मार्ट नंबर प्लेट कैसे होलोग्राम इंडिया मार्क इंडिया शिलालेख आदि से लैस सड़क पर चलने वाली वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण सिद्ध प्लेट से बदलना अनिवार्य कर दिया है।




लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में

शेखर गुप्ता ONLYTDS.COM

ITR GST

हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।

G.S.T. रिटर्न | Food Licence
इन्कम TAX फाईल | M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड | प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस | डिजिटल सिग्नेचर

9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354